हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 33.3 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

08 लक्ष्मीनगर में भीषण जल संकट, सालों से बने हुए...

09 निगरानी नहीं हो रही, चरमराई स्कूली ...




# रिसाली और चरोदा स्वास्थ्य केन्द्रों में भी होगी टीबी की जांच, आज से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

रिसाली और चरोदा के लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब टीबी की जांच के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। दोनों जगहों पर सीबी नाट की सुविधा होने से कुछ ही घंटों में रिपोर्ट मिल सकेगी। जिला क्षय केन्द्र दुर्ग के अनुसार दोनों ही केन्द्रों में सीबी नाट मशीन आपरेट करने की प्रापर ट्रेनिंग दी गई है और सोमवार से लोगों की जांच की जाएगी।

ज्ञात हो कि पिछले तीन वर्षों में जिले में 11,842 टीबी मरीज सामने आए हैं। इनमें से 488 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक रिसाली और चरोदा के मरीजों को सैंपल देने के लिए दुर्ग जिला अस्पताल जाना पड़ता था, लेकिन नई व्यवस्था के बाद जांच प्रक्रिया तेज और सटीक होगी। सीबीनाट मशीन से टीबी के साथ-साथ यह भी पता चल सकेगा कि मरीज को दवा प्रतिरोधी टीबी तो नहीं है। यानी बीमारी की सही पहचान के साथ तुरंत सही इलाज शुरू किया जा सकेगा। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इससे टीबी नियंत्रण अभियान को भी मजबूती मिलेगी। स्थानीय लोगों और मरीजों को अब जिला अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। जांच की सुविधा अपने ही क्षेत्र में उपलब्ध होगी, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत होगी। कुल मिलाकर, रिसाली और चरोदा के लिए यह कदम स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। 2023 में टीबी के 4076 सामने आए और 201 लोगों की मौत हुई। 2024 में 3768 मरीज मिले और 151 मौतें हुई। वहीं 2025 में 3998 टीबी के मरीज मिले और 136 मौते हुई है।

## जिले के कुल हेल्थ सेंटरों में 15 जगहों पर जांच की सुविधा

### अब 15 जगहों पर टीबी नाट की सुविधा

दुर्ग जिले में टीबी की समय पर पहचान के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जांच व्यवस्था मजबूत की है। जिले में 13 सीबी नाट मशीनें संचालित थी, अब चरोदा और रिसाली को मिलाकर कुल 15 जगहों पर इसकी सुविधा मिलेगी। इस जांच की खास बात यह है कि इससे न सिर्फ सामान्य टीबी का पता चलता है, बल्कि एमडीआर यानी मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट टीबी की भी पहचान संभव है। जिले के जिला अस्पताल दुर्ग, सिविल अस्पताल सुपेला, सेक्टर-9 अस्पताल, सीएम मेडिकल कॉलेज कचांदुर के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धमधा, अहिवारा, बोरी, कुम्हारी, झिंट, पाटन, उतई और निकुम में भी यह सुविधा उपलब्ध थी। रिसाली और चरोदा में सोमवार से जांच शुरू हो जाएगी। पहले जहां जांच रिपोर्ट आने में कई दिन लग जाते थे, अब कुछ ही घंटों में नतीजे मिल रहे हैं। इससे मरीजों का इलाज जल्दी शुरू हो पा रहा है और संक्रमण फैलने का खतरा भी कम हो रहा है।




**आज से जांच प्रारंभ हो जाएगी**

टीबी नाट मशीन से जांच की सभी सेटअप तैयार है। 2 मार्च सोमवार से जांच प्रारंभ की जाएगी। सीबी नाट मशीन आपरेट करने की प्रॉपर ट्रेनिंग दी गई है।
-डॉ. शेखर अग्रवाल, शहरी खंड चिकित्सा अधिकारी, चरोदा

## खबर संक्षेप

### नौकरी लगाने के नाम पर 10 लाख की ठगी



**भिलाई।** सहायक ग्रेड तीन और एनटीपीसी में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि बोरीगारका उतई निवासी रविकांत साहू को मंत्रालय में सहायक ग्रेड-3 और प्रयास सफल न होने पर एनटीपीसी में एई पद पर नियुक्ति कराने का का झांसा देकर ठगी किया गया। इस दौरान दंपत्ति ने पीड़ित से 10 लाख रुपए प्राप्त कर फर्जी नियुक्ति पत्र ई-मेल के माध्यम से भेजा। विवेचना के दौरान आरोपी न्यू आदर्श नगर पदमनाभपुर निवासी प्रिया देशमुख को गिरफ्तार किया। मामले में दूसरा आरोपी प्रशांत कुमार देशमुख 1 मार्च को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल किया गया। घटना पदमनाभपुर थाना क्षेत्र की है।

### बेजुबान कुत्ते को बेरहमी से मारने वाले दो गिरफ्तार

**भिलाई।** बेजुबान कुत्ते को बेरहमी से मारने के मामले में पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि एमपीईबी चौक जामुल में गली के एक कुत्ते को मारने की शिकायत एमपीईबी चौक निवासी मदन साहू ने किया। जिसमें बताया है की मुर्तुजा अली, राहुल मारकण्डे द्वारा कुत्ते को गंभीर रूप से पीटने से उसकी मृत्यु होना बताया है। पुलिस ने अपील किया है कि आम नागरिक पशुओं के प्रति किसी भी प्रकार की क्रूरता दंडनीय अपराध है। ऐसी किसी भी घटना की सूचना मिलने पर पुलिस को जानकारी दे।

### सट्टा खिलाने वाले सटोरिया को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** सट्टा खिलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि युवक का नाम मुखबिर की सूचना पर तकियापारा गुज्जर धर्मशाला के पास युवक सट्टा-पट्टी लिखकर सट्टा खिला रहा था। मौके पर पहुंचकर युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम तकियापारा दुर्ग निवासी अजहर है। उसके पास से सट्टापट्टी, डाटपेन,नगदी रकम 1170 रुपए जब्त किया है।

### शराब के अवैध कारोबार के मामलों में 82 गिरफ्तार

**भिलाई।** आबकारी एक्ट के तहत पुलिस ने 82 आरोपियों को पकड़ा गया है। होली त्यौहार के दौरान शांति, कानून व्यवस्था बनाए रखने, नशे के अवैध कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए थाना चौकी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें 32 प्रकरण में 42 आरोपियों को अवैध रूप से शराब संग्रहण विक्रय करते पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 1090 पौवा अवैध देशी विदेशी मदिरा, विक्री रकम समेत 1.08 लाख 800 का सामान जब्त किया गया। इसके अलावा सार्वजनिक स्थलों पर मद्यपान करते पाए जाने पर 40 प्रकरण में 40 आरोपियों पर वैधानिक कार्रवाई की गई।

पुलिस ने 28 असामाजिक तत्वों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

भिलाई। होली त्यौहार के दौरान जिले में कानून, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान असामाजिक तत्वों, चाकूबाजी की प्रवृत्ति रखने वाले व्यक्तियों, अवैध रूप से हथियार रखने वालों पर निगरानी रखी गई। थाना दुर्ग 2, मोहन नगर से 4, अंजोरा से 1, नगपुरा से 1, नेवई से 2, सुपेला 5, जामुल 2, पुरानी भिलाई से 4, पाटन 1, उतई 2, धमधा 4 आरोपियों को पकड़ा गया।

## दुर्ग जिले में धान उठाव की रफ्तार बेहद सुस्त

# धान खरीदी महीनेभर पहले पूरी, उपार्जन केंद्रों से 178389 मीट्रिक टन धान का उठाव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

धान खरीदी को महीनेभर से अधिक हो चुके हैं लेकिन उपार्जन केंद्रों से धान उठाव की रफ्तार बेहद सुस्त है। हाल यह है कि जिले के उपार्जन केंद्रों में 178389 मीट्रिक टन धान का उठाव अब तक नहीं हो पाया है।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी धान उठाव की स्थिति संतोषजनक नहीं माना है और समीक्षा बैठक में नाराजगी भी दिखाई। इधर हाल यह है कि उपार्जन केंद्रों से केवल 68 प्रतिशत ही धान का उठाव हो पाया है। प्रशासन ने धान उठाव के लिए यह भी सहूलियत दी है कि उपार्जन केंद्रों से धान उठाव कर संग्रहण केंद्रों में रखें। बावजूद इसके अनुबंधित राईस मिलर धान का उठाव करने में तेजी नहीं दिखा रहे। जिला विपणन संघ द्वारा धान उठाव के लिए डीओ-टीओ जारी करवाए जाते हैं लेकिन स्थिति को संभाल नहीं पा रहे।



### धान का उठाव महज 68 प्रतिशत

धान खरीदी 15 जनवरी को शुरू की गई थी। 31 जनवरी को धान खरीदी समाप्त हो जाने के बाद अब प्रशासन के समक्ष उपार्जन केंद्रों से धान का उठाव एक चुनौती बनी हुई है। इसलिए कि उपार्जन केंद्रों में ज्यादा समय तक धान रख नहीं सकते। धान की सुरक्षा की दिक्कतें यहां होती रही है। दुर्ग जिले में अब तक महज 68.09 प्रतिशत ही धान का उठाव हो पाया है। 138 मिलरों से वर्तमान में धान मिलिंग के लिए अनुबंध हुआ है। हाल यह है कि मिलरों ने अब तक 380676 मीट्रिक टन धान का उठाव मिलरों ने किया है।

### जिले में इस बार 559065 मीट्रिक टन धान खरीदी

दुर्ग जिले में 87 सहकारी समितियों के माध्यम से 102 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी की गई। जिले में इस साल 616435 मीट्रिक टन धान खरीदने का टारगेट रखा गया था। लेकिन 559065 मीट्रिक टन ही धान की खरीदी हो पाई है। इस हिसाब से 47370 मीट्रिक टन धान खरीदी का टारगेट से कम रही है। जिले में धान बेचने के लिए इस बार 113623 किसानों ने पंजीयन करवाया था। जिसमें से 106830 किसानों ने धान बेचा है।

### केंद्रों के लिए 25707 मीट्रिक टन ही धान उठाव

जिले में उपार्जन केंद्रों से धान जल्दी उठाव हो इसके लिए संग्रहण केंद्र भी बनाए गए हैं। जारी रिपोर्ट के मुताबिक दो संग्रहण केंद्रों के लिए 25707 मीट्रिक टन धान का उठाव हो पाया है। जेवरा सिरसा संग्रहण केंद्र के लिए उठाव 8251 मीट्रिक टन किया गया है। सेलूद धान संग्रहण केंद्र के लिए 17456 मीट्रिक टन का धान उठाव हो पाया है।

### इन उपार्जन केंद्रों में सबसे ज्यादा धान

जिले में कई उपार्जन केंद्रों में सबसे ज्यादा इन केंद्रों में अच्छी धान खरीदी की गई। लेकिन यहां उठाव उस हिसाब से नहीं हो रहा है। मुख्य रूप से कुर्मीगुंडरा उपार्जन केंद्र, केसरा उपार्जन केंद्र, फुंडा उपार्जन केंद्र, औंधी उपार्जन केंद्र, कोड़िया उपार्जन केंद्र, जामगांव आर उपार्जन केंद्र, झीट उपार्जन केंद्र, उतई उपार्जन केंद्र, सेलूद उपार्जन केंद्र, औंधी उपार्जन केंद्र सहित कई उपार्जन केंद्रों में धान जाम है और उठाव की स्थिति बेहद कमजोर हैं।

### 50161 मीट्रिक टन के लिए डीओ जारी नहीं

धान उठाव के लिए राईस मिलरों को 50161 मीट्रिक टन के लिए डीओ जारी नहीं किया गया है। पहले की जारी डीओ और टीओ को ही मिलर पूरा नहीं कर पाए हैं।इधर उपार्जन केंद्र प्रभारियों की दिक्कतें बढ़ गई है। केंद्रों में धान इतना जाम है कि यदि बारिश हो गई तो उसे नुकसान से बचाना मुश्किल हो जाएगा। चूहों और अन्य जीव जंतुओं से भी धान को नुकसान पहुंचता है। चोरी का खतरा भी बना रहता है।

### जारी हो रहे हैं डीओ-टीओ

धान उठाव के लिए डीओ और टीओ जरूरत के हिसाब से जारी किए जा रहे हैं। मिलरों को भी रफ्तार में तेजी लाने के निर्देश दिए गए हैं।
-राहुल सिंह, डीएमओ जिला विपणन संघ

# महिला का पहले रेप फिर हत्या कर लाश को लगाया ठिकाने, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

डेढ़ माह पहले कुम्हारी थाना क्षेत्र में मिले अज्ञात महिला के शव मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि कैवल्य धाम के पीछे परसदा खेत में महिला की लाश मिली थी।


पीएम पता चला कि महिला को गला दबाकर हत्या किया गया था। महिला की शिनाख्त और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पांच विशेष टीमों का गठन किया गया। विभिन्न गली-मोहल्लों, आस-पास के गांवों, संभावित स्थानों पर व्यापक स्तर पर फोटो दिखाकर पहचान का प्रयास किया। पुलिस ने हजारों संदिग्धों से पूछताछ की गई। सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाला गया। लाखों कॉल डिटेल रिकॉर्ड का तकनीकी विश्लेषण किया गया। साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपी राम नगर बजरंग चौक वार्ड 7 कुम्हारी निवासी महाराजा देवार उर्फ राजा देवार को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने पुलिस को बताया कि महिला को बहला-फुसलाकर खेत में लेकर गया। जहां उसके साथ अनाचार किया विरोध करने पर उसका गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया। पुलिस ने चप्पल, पहना हुआ शर्ट, घटनास्थल से मिले शर्ट का बटन, एक ए-वन पाउच, एक पानी की बोतल जब्त किया है।

- कुम्हारी क्षेत्र में मिली अज्ञात की लाश, पांच टीमों ने खोज निकाला आरोपी को

# होली पर मौसम रहेगा शुष्क, बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवा से बादल छाने की आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

होली पर्व पर मौसम शुष्क रहेगा। लेकिन बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं की वजह से बादल भी कुछ-कुछ छाए रहेंगे। पिछले तीन दिनों से मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी हुई है। रविवार को अलसुबह भी आसमान पर बदली छाई रही। कुछ देर बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए और दोपहर तेज धूप की वजह से गर्मी लगने लगी। शाम को फिर से आसमान पर बदली की स्थिति दिखाई दी। जिसकी वजह से शाम व रात को ठंड का एहसास लोगों को हुआ। मौसम विभाग के मुताबिक एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पश्चिम राजस्थान और उसके आसपास 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। यही से एक द्रोणिका विदर्भ तक, पश्चिम मध्य प्रदेश होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। इसलिए 1 मार्च को मौसम शुष्क रहने की संभावना है। दुर्ग भिलाई सहित प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि होने की संभावना बनी हुई है। बंगाल के खाड़ी से निम्न स्तर पर नमी आने के कारण हल्के बादल छाए रहने की संभावना है।



# अटैचमेंट समाप्त करने डीपीआई ने जारी किया आदेश

**भिलाई।** लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षा विभाग के कर्मचारियों और शिक्षकों को उनके मूल पदस्थापना स्थल में वापस भेजने का आदेश जारी किया है। 28 फरवरी 2026 को जारी आदेश में कहा गया है कि विभाग में कार्यरत कर्मचारी और शिक्षक गैरशिक्षकीय कार्य में संलग्न किए गए हैं। ऐसे शिक्षक व कर्मचारियों को उनके मूल स्थान पर तत्काल भेजा जाए। जिला शिक्षा अधिकारियों और संयुक्त शिक्षा संचालक को यह आदेश दिए गए हैं। दुर्ग जिला शिक्षा विभाग और दुर्ग संयुक्त शिक्षा संभागीय कार्यालय के कई शिक्षक व कर्मचारी अटैचमेंट में काम कर रहे हैं। एसआईआर के पहले भी ऐसा ही आदेश जारी किया गया था तब संलग्न शिक्षकों व कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना स्थल में भेजा गया था लेकिन कुछ दिनों के बाद वापस फिर से अटैचमेंट कर दिया गया। दूसरी बार लोक शिक्षण संचालनालय ने यह आदेश जारी किया है। अटैचमेंट समाप्त नहीं करने की वजह से मूल स्थान का कामकाज पर असर पड़ रहा है।

# कर्मचारी नगर में नहीं हो रही गश्त, रात में शरारती तत्वों ने कार का ग्लास तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

मोहन नगर थाना अंतर्गत कर्मचारी नगर, जवाहर नगर, कादम्बरी नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में पुलिस की नियमित गश्त नहीं हो रही है। इसकी वजह से संदिग्ध गतिविधियां बढ़ गई हैं।

बता दें कि पिछले दिनों एमआईसी मेंबर देवनारायण चंद्राकर ने इसे लेकर शिकायत भी की थी। बावजूद इसके पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। बीती रात कर्मचारी नगर में पानी टंकी के पास पूर्व पार्षद डी प्रकाश के घर के सामने खड़ी कार सीजी 07 डीडी 0169 के सामने का ग्लास अज्ञात तत्वों ने तोड़ दिया और मौके से भाग खड़े हुए। घटना रात करीब डेढ़ से दो बजे की बीच की बताई गई है। डी प्रकाश ने बताया कि यह पहली घटना नहीं है, पिछले कुछ दिनों से लगातार इस प्रकार की घटनाएं सामने आ रही है।

पूरा क्षेत्र नशेड़ियों का जमघट बना हुआ है। पुलिस से शिकायत का भी असर नहीं हो रहा है, न ही नियमित गश्त हो रही है। हालत यह है कि आए दिन पूरे क्षेत्र में सड़क पर बर्थ डे सैलिब्रेशन हो रहा है। आतिशबाजी की जा रही है। नशाखोरी हो रही है। उन्होंने ग्लास तोड़ने के मामले में मोहन नगर थाने में शिकायत की, लेकिन इसे असंज्ञेय अपराध बताकर न्यायालय में जाने की सलाह दी गई है।



- मोहन नगर पुलिस ने पीड़ित को असंज्ञेय अपराध बताते हुए न्यायालय में जाने की दी सलाह

## एलटीटी हटिया भी चलेगी, सफर करने वाले यात्रियों को सुविधा

# लोकल यात्रियों के लिए चार दिन चलेगी होली स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

होली और समर सीजन में ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल ने 2 स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है।

दुर्ग से रायगढ़ और रायगढ़ से दुर्ग के लिए लोकल और लंबी दूरी के लिए एलटीटी से हटिया स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। दोनों तरह के यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा। रेलवे प्रशासन के मुताबिक ट्रेन 08834/08833 दुर्ग रायगढ़ दुर्ग मेमू पैसेंजर स्पेशल ट्रेन का संचालन 2, 3, 5 और 6 मार्च 2026 को चार फेरे के लिए किया जा रहा है। यह ट्रेन दुर्ग से सुबह 10:30 बजे रवाना होकर भिलाई, रायपुर, बिलासपुर, जांजगीर-चांपा, सक्ती, खरसिया जैसे प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए शाम 6:50 बजे रायगढ़ पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 08833 रायगढ़ से शाम 7 बजे रवाना होगी और सभी प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए रायपुर आधी रात के बाद 12:10 बजे और दुर्ग अगले दिन 1:45 बजे पहुंचेगी। इस मेमू स्पेशल में कुल 8 कोच का रैक रहेगा। जिससे दैनिक यात्रियों को राहत मिलेगी। होली और गर्मी की छुट्टियों के दौरान कंफर्म बर्थ की मांग को देखते हुए हटिया और मुंबई के बीच भी होली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। ट्रेन 08609 हटिया एलटीटी होली स्पेशल 2 और 9 मार्च को हटिया से शाम 4:20 बजे रवाना होगी।



### प्रमुख स्टेशनों से गुजरेगी ट्रेन

यह ट्रेन राऊरकेला, झारसुगुड़ा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, नागपुर और नासिक रोड सहित कई प्रमुख स्टेशनों पर रुकते हुए तीसरे दिन सुबह 12:40 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन 08610 एलटीटी हटिया होली स्पेशल 4 और 11 मार्च को सुबह 5 बजे एलटीटी से रवाना होगी, दुर्ग, रायपुर-बिलासपुर होते हुए अगले दिन शाम 6 बजे हटिया पहुंचेगी। होली स्पेशल ट्रेनों में कुल 22 कोच लगाए जाएंगे, जिनमें स्लीपर, एसी, एसी इकॉनमी और एसी कोच शामिल रहेंगे।

### नि:शुल्क चिकित्सा शिविर के पोसैता स्टेशन में 2 एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव

रेलवे प्रशासन द्वारा आध्यात्मिक उत्थान मंडल ट्रस्ट के वार्षिक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में शामिल होने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 6 मार्च तक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली 2 एक्सप्रेस गाड़ियों का अस्थायी ठहराव दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के पोसैता स्टेशन में 1 मिनट के लिए दिया गया है। गाड़ी संख्या 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी पोसैता स्टेशन 16.09 बजे पहुंचेगी तथा 16.10 बजे रवाना होगी। इसी प्रकार आरा से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 13288 आरा-दुर्ग साउथ बिहार एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी पोसैता स्टेशन 09.58 बजे पहुंचेगी तथा 09.59 बजे रवाना होगी। पुरी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस पोसैता स्टेशन में ठहराव के साथ चलेगी। यह गाड़ी पोसैता स्टेशन 07.34 बजे पहुंचेगी तथा 07.35 बजे रवाना होगी।



## खबर संक्षेप

### दुर्ग निगम मुख्यालय में फूलों की होली आज

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 02 मार्च सोमवार को निगम मुख्य कार्यालय परिसर में फूलों की होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी तय कर आवश्यक दायित्व सौंप दिए हैं। अलका बाघमार ने कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार निगम परिसर में फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें रंगों की जगह पुष्प वर्षा कर आपसी प्रेम, सौहार्द और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा।

### निकता मिलिंद महामंत्री नियुक्त, जताया आभार



**दुर्ग।** शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कांग्रेस नेत्री निकिता मिलिंद को महामंत्री पद जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। इस नियुक्ति पर नवनियुक्त महामंत्री निकिता मिलिंद ने कहा कि वरिष्ठ नेतृत्व का हृदय से आभार, जिन्होंने मुझे महामंत्री के रूप में संगठन की सेवा का अवसर दिया। उन्होंने आभार व्यक्त कहा कि यह पद सम्मान के साथ-साथ जिम्मेदारी भी है। पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ संगठन को मजबूत करने एवं कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने उनका प्रयास जारी रहेगा।

### चंचल यादव को योजना प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी

**दुर्ग।** बीजेपी पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने



चंचल यादव सेलूद को योजना प्रचार-प्रसार प्रमुख नियुक्ति किया है। उनकी नियुक्ति बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव, संगठन महामंत्री पवन साय के मार्गदर्शन, पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू निर्देश पर जिला अध्यक्ष लेखन सिन्हा ने की है। चंचल यादव को जिला कार्यसमिति में जिला योजना प्रचार प्रसार प्रमुख बनाये जाने पर कार्यकर्ताओं ने आभार व्यक्त करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

### जैन के निधन के बाद किया नेत्रदान



**दुर्ग।** नवदृष्टि फाउंडेशन के सहयोग से दुर्ग के मधुबन नगर निवासी स्व. दिनेश कुमार जैन के निधन उपरांत उनके नेत्रदान की प्रक्रिया संपन्न हुई। उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीन व्यक्तियों को नेत्रज्योति प्राप्त होगी। यह जैन परिवार की संवेदनशीलता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता का उत्कृष्ट उदाहरण है। दिनेश कुमार जैन के निधन के पश्चात उनकी धर्मपत्नी बबिता जैन, पिता शांतिलाल गोधा, पुत्र साहिल जैन, डॉ. राहिल जैन, पुत्री खुशबू जैन तथा भाई राजेश, राकेश एवं पूनम जैन की सहमति से नेत्रदान की प्रक्रिया पूर्ण की गई। नवदृष्टि फाउंडेशन की ओर से कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, चेतन जैन आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे रोकने हाईवे पर रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं स्ट्रीट लाइटें लगेंगी

## सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने और सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रभावी उपाय अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में आवश्यकता अनुसार विभागीय अधिकारियों को रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं स्ट्रीट लाइट लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बीएसपी के अधिकारियों को उतई बायपास रोड के लिए आवश्यक जमीन संबंधी एनओसी लोक निर्माण विभाग को उपलब्ध कराने कहा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने जिले में चिन्हित ग्रे-स्पॉट के संबंध में एएसपी यातायात को संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही के संबंध में अवगत कराने के निर्देश दिये। उन्होंने बीएसपी के अधिकारियों को चिन्हित क्षेत्रों में सर्विस लेन निर्माण के लिए जमीने उपलब्ध कराने कहा। एएसपी ने चौक-चौराहों एवं व्यस्तम मार्गों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही पर जोर देते हुए विभागीय अधिकारियों को इस हेतु हरसंभव आवश्यक पुलिस बल उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया।




### विभागीय कार्रवाई की दी जानकारी

बैठक में पूर्व बैठक की पालन प्रतिवेदन की विभागवार समीक्षा की गई, जिसमें अधिकारियों ने पूर्ण कार्य, अद्यतन प्रगति एवं की गई विभागीय कार्यवाही की जानकारी दी। साथ ही जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार-विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में एएसपी यातायात सुश्री ऋचा मिश्रा, नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव पाण्डेय, नगर निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश सिंह मिरी, एसडीएम भिलाई-03 महेश राजपूत, एसडीएम धमधा सोनल डेविड, आरटीओ एसएल लकड़ा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता आशीष भट्टाचार्य, तहसीलदार प्रभुल्ल गुप्ता, डॉ. सी.बी.एस. बंजारे सहित एनएचएआई एवं एनएचआई, पुलिस विभाग और बीएसपी के अधिकारी उपस्थित थे।

## भागीरथी और जल आवर्धन योजना के तहत बिछाई गई है पाइपलाइन

# लक्ष्मीनगर में भीषण जल संकट, सालों से बने हुए हैं ऐसे ही हालात, जिम्मेदारों का नहीं ध्यान

### गर्मी आते ही बढ़ने लगी पानी की डिमांड, गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

शहर में विकास के दावे किए जाते हैं, योजनाओं पर लाखों रुपए खर्च होते हैं, लेकिन जब नल सूखे रह जाएं तो सवाल उठना तय है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के लक्ष्मीनगर वार्ड 10 में यही हकीकत है। यहां पाइपलाइन तो बिछी है, घरों के सामने दो-दो लाइनें बिछी हुई हैं, लेकिन पानी आज तक नियमित रूप से नहीं पहुंचा।

लक्ष्मीनगर वार्ड में कई इलाकों में रहवासी कई सालों से पेयजल संकट झेल रहे हैं। जबकि इस वार्ड में भागीरथी नल जल योजना और जल आवर्धन योजना के तहत लाखों रुपए खर्च कर दो-दो बार पाइप लाइन बिछाई गई है। यहां के लोग आज भी पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। कुछ इलाकों में टैंकर ही लोगों का एक मात्र सहारा है। स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। नगर निगम और जनप्रतिनिधि से सिर्फ आश्वासन ही मिलते रहा। यहां सिर्फ गर्मी के दिनों में ही नहीं, साल भर यही स्थिति रहती है।



### एक-दो बूंद टपकने के बाद सप्लाई बंद

लक्ष्मीनगर दुर्गा पारा निवासी रानी



चौहान ने बताया कि उनके घर के बाहर दो-दो पाइपलाइन बिछी है, लेकिन पानी नाम मात्र आता है। एक-दो बूंद टपकने के बाद सप्लाई बंद हो जाती है। उनका कहना है कि उनकी गली में टैंकर भी नहीं आता। सालों से लोग पानी के लिए परेशान हैं। मजबूरी में कई परिवार अपने घरों में बोर करवा रहे हैं, लेकिन जिनके पास यह सुविधा नहीं है, वे आज भी नल में पानी आने का इंतजार कर रहे हैं।

### न टैंकर, न सप्लाई, हैंडपंप भी खराब

दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले राजू तांडी ने



बताया कि जब घरों के सामने दो-दो पाइपलाइन बिछाई गई, तो लोगों को लगा अब पानी की समस्या खत्म हो जाएगी, लेकिन हकीकत अलग निकली। पाइपलाइन से कभी नियमित पानी आया ही नहीं। राजू तांडी का कहना है कि इस इलाके में टैंकर भी नहीं आता। ऐसे में लोगों का एकमात्र सहारा मंदिर के सामने लगा हैंडपंप था, लेकिन वह भी पिछले एक महीने से खराब पड़ा है। नतीजा यह है कि रहवासियों को दूर-दूर से पानी लाना पड़ रहा है।

### पाइपलाइन बेकार, बोर ही सहारा

लक्ष्मीनगर वार्ड 10 में पानी की समस्या रोज की जद्दोजहद बन चुकी है। पार्षद द्वारा पूरे वार्ड में करीब पांच बोर के जरिए लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इतने बड़े वार्ड के लिए यह व्यवस्था लोगों को नाकाफी लग रही है। राउत पारा, पार्षद कार्यालय के पास, इस्लाम नगर और रविदास नगर जैसे इलाकों में लगे बोर से पानी लिया जाता है। जैसे ही मोटर चालू होती है, लोग अपने-अपने घरों से बाल्टी, डिब्बा और ड्रम लेकर पहुंच जाते हैं। आधे घंटे में जितना भर सके, वही दिनभर के लिए सहारा बनता है। वहीं मटन मार्केट के पास, 33 नंबर बोरिंग क्षेत्र, प्रियदर्शनी स्कूल गली और आदर्श पारा इलाके में सालों से टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई की जा रही है।

### 16.17 करोड़ रुपए से ओवरहेड टंकी तैयार

लंबे समय से जल संकट झेल रहे लक्ष्मीनगर वार्ड 10 के लिए अब एक नई उम्मीद जगी है। भिलाई जलापूर्ति योजना के विस्तार के तहत वार्ड 10 के ठीक सामने वार्ड 16 में 2 करोड़ 17 लाख 48 हजार रुपए की लागत से ओवरहेड टंकी का निर्माण किया गया है। टंकी को पाइपलाइन से भी जोड़ दिया गया है। इस नई व्यवस्था के जरिए वार्ड 10, वार्ड 16 और वार्ड 17 में पानी की सप्लाई की जानी है। योजना के मुताबिक, टंकी से नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने का दावा किया गया है। वर्षों से टैंकर और बोर के सहारे जीवन गुजार रहे लोगों को अब उम्मीद है कि उनके घरों के बाहर लगे नलों में जल्द पानी आने लगेगा, लेकिन पता नहीं कब।

### वर्षों से है पानी की समस्या

इस वार्ड में वर्षों से पानी की समस्या बनी हुई है। मैंने पार्षद निधि से कई बोर और पंप लगाए हैं जिससे लोगों को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से चर्चा कर पानी टंकी की मांग की गई थी। टंकी का निर्माण पूरा हो गया है। उम्मीद है कि कुछ ही दिनों में लोगों को प्रेशर में पानी मिलने लगेगा। इससे वर्षों पुरानी समस्या दूर होगी। -**चन्द्रशेखर गवई,** पार्षद वार्ड 10, लक्ष्मीनगर भिलाई

# जिला अस्पताल में कार्डिक न्यूरोलॉजी और रेडियोलॉजिस्ट पदस्थ करने की सीएम से मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला अस्पताल दुर्ग लंबे समय से विशेषज्ञों चिकित्सकों की कमी से जूझ रहा है। इस समस्या को लेकर जीवनदीप समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर उन्हें वस्तु स्थिति से अवगत कराया। साथ ही ज्ञापन सौंपा। सदस्यों ने कहा कि जिला चिकित्सालय जहां 500 बेड और 1000 प्लस मरीजों की चिकित्सा सेवा संचालित है। अस्पताल में स्थानीय क्षेत्र के अलावा अन्य जिले के मरीज पहुंचते हैं। उस हॉस्पिटल में महत्वपूर्ण रोग के विशेषज्ञ चिकित्सक कार्डिक, न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, डर्मेटोलॉजिस्ट, रेडियोलॉजिस्ट का अभाव है। पर्याप्त संख्या में वार्ड ब्वाय, सिस्टर, ड्रेसर, वाहन चालक, रेडियोग्राफर कर्मी नहीं है। इससे चिकित्सा सेवा प्रभावित होती है।

वर्तमान में जो चिकित्सक एवं कार्मिक सेवा रत हैं, वो पुराने सेटअप में कार्यरत हैं। इस प्रतिकूल वातावरण के फलस्वरूप रेफर केस की संख्या बढ़ रही है। ट्रामा सेंटर संचालन से कई बीमारियों से निजात पाया जा सकता है। पीड़ित मरीजों को राहत मिल सकेगी। उक्त समस्याओं का निराकरण आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने इस समस्याओं को लेकर व्यापक प्रयास का भरोसा दिलाया। ज्ञापन सौंपने वालों में आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, सीताराम ठाकुर, नीलकंठ गढ़े शामिल थे। मुख्यमंत्री ने आवेदन को संचालक स्वास्थ्य सेवाएं रायपुर को प्रेषित किया है।

### विकास कार्यों के लिए 8 लाख रुपए की स्वीकृति

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने अहिवारा विधानसभा क्षेत्र के दो विकास कार्यों के लिए 8 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कपसदा में दरी तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु और इसी ग्राम पंचायत में बधानी तालाब का सौंदर्यीकरण एवं पचरीकरण कार्य हेतु 04-04 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित, मंडल अध्यक्ष भी किए तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष तृप्ति चंद्राकर ने महिला मोर्चा दुर्ग के जिला कार्यसमिति एवं मंडल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है।

उपाध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, चंद्रिका साहू, निशा सोनी, झरना वर्मा, रीना नैयर, महामंत्री डॉ. भारती साहू, ममता राव, मंत्री किरण मिश्रा, चंपा साहू, रीता पांडेय, डॉ. गुंजा पिंचा, संध्या साहू, करुणा कुठारे, कोषाध्यक्ष चंचल जैन, सह कोषाध्यक्ष सरिता चंद्राकर, कार्यालय मंत्री प्रीति साहू, सह कार्यालय मंत्री किरण यादव, मीडिया प्रभारी सविता साहू, सह मीडिया प्रभारी श्वेता बक्शी, सोशल मीडिया प्रभारी शशि रायजयादा, सह मीडिया सोनिया मिश्रा, आईटी सेल प्रभारी अन्नु सिंह,सह प्रभारी स्मिता रघाटटे, जिला समन्वय स्वा सहायता समूह कुमारी टोंड्रे, मन की बात प्रभारी अनिता कुलश्रेष्ठ, सह प्रभारी उषा साहू, कार्य समिति सदस्य ज्योति यादव, दामिनी देशमुख,पूनम पटेल, संगीता वर्मा, रेवती सोनकर, हेमा जग्गी शर्मा, अनसूईया साहू, कुमारी साहू, लक्ष्मी देवांगन, संतोषी ठाकुर, विद्या देवी, माला सिंह, प्रीति चंद्राकर, ममता साहू (धनोरा), रेणुका सिंह, रुक्मणि साहू, मंजू लता तिवारी, पूर्णिमा धीवर, नेमबती साहू, अनुपमा गोस्वामी, कालिंद्री साहू, सुधा राठोर, प्रीति गुप्ता, जया पिल्ले, मंडल अध्यक्ष सदर गौरव पथ श्वेता कनौजिया, चंडी शीतला दिनेश्वरी तुरकर मध्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय संजू शर्मा, सिकोला भाटा पटरी पार अंजू तिवारी, कसारीडीह बोरसी आशा सुमन वर्मा, अंजोरा रामकली साहू, अंडा निकुम हेमलता देशमुख, मरोदा पुरैना शिखा तिवारी, रिसाली शकुंतला दास, कुम्हारी जूली सिंह, पाटन उनिका वर्मा, अमलेश्वर मधुकांता साहू, जामगांव आर गायत्री यादव, दरबार मोखली सविता साहू, धमधा श्वेता शर्मा बोरी लिटिया पूर्णिमा साहू बनाई गई हैं।

### पद्मश्री शमशाद बेगम का सम्मान



**दुर्ग।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में सात दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम लैगिंक समानता के राजदूत के रूप में संकाय सदस्यों का उन्नयन कार्यक्रम का आयोजन डॉ. रंजना श्रीवास्तव प्राचार्य के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पद्मश्री शमशाद बेगम की गरिमामय उपस्थिति रहीं। इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार द्वारा उनका सम्मान किया गया। पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा-कि महिलाएं हर क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं किन्तु आज भी उनके साथ दोयम दर्जे का व्यवहार होता है, उन्होंने समाज में नारियों को सम्मान दिलाने के लिए महिला कमांडो की स्थापना की। जो छत्तीसगढ़, महाराष्ट्रमेंसक्रिय होकर कार्य कर रही है।

# 24 लाख से संवरा रायपुर नाका मुक्तिधाम सामाजिक भवन का भी किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

पटरीपार क्षेत्र में 25 लाख रुपये की लागत से निर्मित सामाजिक भवन तथा रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम में 24.27 लाख रुपये की लागत से कराए गए सौंदर्यीकरण एवं उन्नयन कार्यों का गरिमामय समारोह में लोकार्पण किया गया। यह कार्य क्षेत्रवासियों के लिए बहुप्रतीक्षित सुविधा के रूप में सामने आया है। अलका बाघमार ने जनप्रतिनिधियों एवं वार्डवासियों की उपस्थिति में सामाजिक भवन का शुभारंभ कर उसे जनता को समर्पित किया। महापौर ने कहा कि नागरिकों की मांग के अनुरूप मुक्तिधाम से अलग सामाजिक भवन का निर्माण कराया गया है, ताकि विभिन्न सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध हो सके।

- पटरीपार क्षेत्र में 25 लाख से बनाया गया भवन

इस अवसर पर लोक कार्य प्रभारी देव नारायण चंद्रकार, पार्षद विद्यावती सिंह, सुरूचि उमरे, रंजीता पाटिल, नीरा खिचरिया, सावित्री दमाहे, जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह, उपअभियंता पंकज साहू, मण्डल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा सहित वार्ड के नागरिकगण उपस्थित रहे।



### 25 लाख से निर्मित सामाजिक भवन बना नई सौगात

पटरीपार वार्ड क्रमांक 60 में निर्मित सामाजिक भवन में बर्थडे पार्टी, तेरहवीं, पारिवारिक कार्यक्रम एवं अन्य सामाजिक आयोजन सुगमता से किए जा सकेंगे। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि यह भवन सभी वर्गों के लिए उपयोगी सिद्ध होगा और क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देगा। रायपुर नाका स्थित मुक्तिधाम में 24.27 लाख रुपये की लागत से सर्व-सुविधायुक्त कक्ष, पूरे परिसर में पेवर ब्लॉक, मजबूत बाउंड्रीवॉल तथा लाइट, शेड सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का उन्नयन कार्य कराया गया है।

# स्कूली बच्चों के लिए अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए विशेष अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में आधार कार्ड के सुदृढ़ीकरण और बच्चों के डेटा अपडेशन के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट मेन्डेटरी बायोमेट्रिक अपडेट एमबीयू अभियान चलाया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में जिले में कुल 23,905 मामले लंबित हैं, जिन्हें समय सीमा में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। पिछले चार महीनों से विभिन्न स्कूलों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जिसके माध्यम से अब तक 50,000 से अधिक बच्चों का सफलतापूर्वक बायोमेट्रिक अपडेट किया जा चुका है। इस अभियान की समग्र प्रगति आकड़ों के अनुसार अक्टूबर 2025 से फरवरी 2026 तक जिले में कुल 1,549 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों के माध्यम से 52,742 बच्चों का अनिवार्य बायaोमेट्रिक अपडेट एमबीयू पूर्ण किया गया है। इसके अतिरिक्त, 495 नए आधार कार्ड बनाए गए हैं और 7,047 अन्य आधार



सुधार अदर अपडेशन के कार्य भी किए गए हैं। फरवरी माह की प्रगति रिपोर्ट के अनुसार, 16 फरवरी 2026 से पुनः शुरू हुए विशेष शिविरों के जरिए अब तक 4,871 बच्चों का एमबीयू और 339 बच्चों का आधार अपडेट किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा 31 मार्च तक जिले के कुल 410 शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों में शिविर लगाने की कार्ययोजना तैयार की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि वर्तमान में यह सेवा पूरी तरह निःशुल्क प्रदान की जा रही है, किंतु भविष्य में इस प्रक्रिया के लिए शुल्क निर्धारित किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि आधार नियमों के अनुसार, प्रत्येक बच्चे को दो बार बायोमेट्रिक अपडेट कराना आवश्यक होता है ।

## शिक्षा मंत्री यादव भी आयोजन में हुए शामिल

# कर्मचारी नगर में बना डोमशेड, हुआ लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विधानसभा क्षेत्र दुर्ग के वार्ड 16 कर्मचारी नगर में रविवार को नवनिर्मित डोमशेड का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। यह डोमशेड केबिनेट केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव की विधायक निधि से निर्मित किया गया है। नवनिर्मित डोमशेड के निर्माण से कर्मचारी नगर के नागरिकों को

- विधायक निधि से बनाया गया है डोमशेड



सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों के लिए एक सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक स्थान उपलब्ध हो सकेगा। लंबे समय से क्षेत्रवासी ऐसे सार्वजनिक स्थल की मांग कर रहे थे, जिसे अब साकार रूप मिला है। डोमशेड बनने से अब धूप, वर्षा अथवा अन्य मौसमी बाधाएं किसी भी कार्यक्रम में व्यवधान नहीं बनेंगी और विभिन्न आयोजन सहज रूप से संपन्न किए जा सकेंगे।गजेन्द्र यादव ने कहा कि जनसुविधाओं का विस्तार और मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी नगर सहित पूरे दुर्ग विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर गति से किए जा रहे हैं और आगे भी क्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप योजनाएँ लागू की जाती रहेंगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता के सहयोग और आशीर्वाद से विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रहेगी।

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, कमलेश फेकर, बंटी चौहान, कौशल साहू, पार्षद खिलावन मटियारा, देवनारायण चंद्राकर, कांशीराम कोसरे, मनीष साहू, कुलेश्वर साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### किसान मोर्चा के विशेष आमंत्रित सदस्य बने शर्मा



**कुम्हारी ।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष आलोक ठाकुर द्वारा नगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता रामाधार शर्मा को प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा का विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किया गया है। कुशाभाऊ ठाकरे सभागार रायपुर में आयोजित छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा सम्मेलन में सम्मिलित होकर कुम्हारी पहुंचे रामाधार शर्मा का आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें हार्दिक बधाइयाँ दी। ज्ञात हो कि जिला से लेकर प्रदेश के सांगठनिक इकाई, मोर्चा प्रकोष्ठ तक कुम्हारी के महिला-पुरुष भाजपाई कार्यकर्ताओं को विभिन्न पदों पर यथेष्ट स्थान दिया गया है।

### ई-ऑफिस क्रियान्वयन के लिए दिया गया प्रशिक्षण

**भिलाई।** शासकीय कार्यों को डिजिटल एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए बीआईटी दुर्ग में ई-ऑफिस क्रियान्वयन हेतु दो पालियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

### 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 5 से



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम चिंगरी में 9 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 5 मार्च से 13 मार्च तक किया जा रहा है। पंचायत भवन के पास इस अनुष्ठान में प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से कथा श्रवण का कार्यक्रम होगा। प्रख्यात कथा वाचक पं. भूपेंद्र पाण्डेय महाराज (गुंडरदेही, जिला-बालोद) भक्तों को श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा का रसपान कराएंगे। साथ ही पं. रुपेश तिवारी द्वारा पारायण किया जाएगा। आयोजन समिति नवनीत महिला मानस मंडली एवं समस्त ग्रामवासी चिंगरी द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव से इस कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

## निधन

### तपन कुमार सेन चौधरी



**भिलाई।** एमआईजी 2/238 आमदीनगर हुडको निवासी तपन कुमार सेन चौधरी का रविवार को निधन हो गया। उनका अंतिम यात्रा 2 मार्च सोमवार को सुबह 11.30 बजे रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी। वे अजय, विजय और सुजय सेन चौधरी के छोटे भाई थे।

### मीरा बाई वैष्णव



**सेलूद।** पाटन विकासखंड के ग्राम सेलुद निवासी नीराबाई वैष्णव (89) का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार सेलुद पैतृक आम बगीचा मे सोमवार 2 मार्च को किया जाएगा। वे तुसलीदास वैष्णव, जगमोहन दास , हेमंत दास,रोमन दास वैष्णव और होमन दास की माताजी थीं।

---

मध्यान्ह भोजन सहित कई मोर्चे पर हालात चिंताजनक

# निगरानी नहीं हो रही, चरमराई स्कूली व्यवस्था, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

धमधा विकासखंड की शासकीय शिक्षा व्यवस्था इन दिनों गंभीर अव्यवस्था के दौर से गुजर रही है। निगरानी नहीं होने और संकुल समन्वयकों की लापरवाही के चलते विकासखंड के अंतर्गत सभी स्कूलों में से आधे से अधिक स्कूलों में व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता से लेकर शिक्षकों की समयपालन व्यवस्था तक, कई मोर्चों पर हालात चिंताजनक बने हुए है।




### मध्यान्ह भोजन में गड़बड़ी

स्कूलों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना कागजों में तो सुचारु दिखती है, पर जमीनी स्तर पर तस्वीर अलग है। कई विद्यालयों में निर्धारित मीनू का पालन नहीं हो रहा। बच्चों को पतली दाल और निम्न गुणवत्ता का चावल परोसा जा रहा है। सूत्रों के अनुसार लगभग 65 प्रतिशत स्कूलों में मीनू का पालन केवल दस्तावेजों तक सीमित है। खराब भोजन गुणवत्ता के कारण लगभग 40 प्रतिशत बच्चे घर से भोजन खाने को मजबूर हैं।

### समय पालन पर सवाल

ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में शिक्षकों के समय पर न पहुंचने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। औसतन स्कूल 45 मिनट की देरी से खुलते हैं। हाजिरी रजिस्टर में औपचारिक हस्ताक्षर तो दर्ज हो रहे हैं, लेकिन कक्षाओं में पढ़ाई का माहौल नहीं दिखता। लगभग 30 प्रतिशत शिक्षक सप्ताह में कम से कम दो दिन बिना पूर्व सूचना 'हाफ-डे' लेते पाए गए हैं। और कई शिक्षक स्कूल से गायब हो रहते है जिसमें ब्लॉक शिक्षा अधिकारी के द्वारा कोई निगरानी न होने पर सुधार नहीं हो पा रहा है।

### शैक्षणिक गुणवत्ता में गिरावट

शिक्षा का स्तर भी गिरावट की ओर है। प्राथमिक कक्षाओं के अनेक छात्र अपनी पाठ्यपुस्तक पढ़ने में असमर्थ हैं। अधिकतर स्कूलों में कक्षा पांचवीं के लगभग 40 प्रतिशत छात्र दूसरी कक्षा के स्तर का गणित हल नहीं कर पा रहे। शिक्षकों के गैर-शैक्षणिक कार्यों और मोबाइल उपयोग में व्यस्त रहने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

### निरीक्षण व्यवस्था ठप

विकासखंड स्तर पर निरीक्षण व्यवस्था लगभग शून्य बताई जा रही है। बीईओ और संकुल समन्वयकों के मासिक निरीक्षण का प्रतिशत निरंक है। कही कोई कार्रवाई आज तक नहीं दिखाई पड़ रही है। इतनी शिकायत के बावजूद धरातल पर कार्रवाई न होने से सवाल खड़े हो रहे हैं। वही स्थानीय अभिभावकों और ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रभावी कदम नहीं उठाए गए तो सरकारी स्कूलों की साख को गंभीर नुकसान पहुंचेगा। अब निगाहें जिला शिक्षा अधिकारी के हस्तक्षेप पर टिकी हैं कि वे मामले की निगरानी और सतत मॉनिटरिंग करेंगे।

### जांच की जाएगी

" विभागीय स्तर पर मामले को संज्ञान में लेकर जांच की जाएगी।

**सोनल डेविड,**
अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमधा

---



वीबी-जी राम जी कृषक श्रमिक जन चौपाल का आयोजन

## जनप्रतिनिधियों ने सुनी किसानों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के ओटेबंद अंतर्गत ग्राम सिरसिदा में "विकसित भारत वीबी-जी राम जी कृषक श्रमिक जन चौपाल" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान क्षेत्र के किसानों एवं श्रमिकों की समस्याओं को सुनने और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य किसान मोर्चा श्रीकांत वर्मा, किसान मोर्चा जिला मंत्री नेमलाल यादव उपस्थित रहे। इसके अलावा ग्राम सरपंच श्रीमती सरस्वती चंद्राकर, उप सरपंच इंद्रजीत चंद्राकर, दामनी , रोजगार सहायक रंजिता देवांगन सहित ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।इस अवसर पर वक्ताओं ने किसानों और श्रमिकों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में किसान और मजदूर की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, श्रमिक कल्याण योजनाओं आदि की जानकारी दी और अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की।

जन चौपाल के दौरान किसानों ने खाद, बीज, सिंचाई, समर्थन मूल्य ोऔर रोजगार संबंधी मुद्दों को भी उठाया। जनप्रतिनिधियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना एवं आमजन की समस्याओं का समाधान करना रहा। अंत में सभी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

---

## तुलसी वर्षा और गीता प्रवचन के साथ पूरी हुई भागवत कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम ओटेबंद बगिचा में आयोजित श्री विष्णु महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा का समापन अंतिम दिवस पर भक्ति, भाव और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। कथा के समापन अवसर पर तुलसी वर्षा एवं श्रीमद्भगवद्गीता प्रवचन मुख्य आकर्षण रहे। हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर धर्मलाभ प्राप्त किया।



संत राजीव नयन महाराज (श्रीधाम वृंदावन) ने अंतिम प्रवचन में गीता के अमृत वचनों का सार प्रस्तुत करते हुए कहा कि गीता केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने कर्म को भगवान को समर्पित करते हुए निष्काम भाव से कार्य करना चाहिए। जब कर्म में भक्ति जुड़ जाती है, तब जीवन सफल हो जाता है। भागवत कथा में परीक्षित के रूप में बैठे देवरी निवासी शेरसिंह देशमुख और तेजिया बाई देशमुख बैठे।कथा के समापन अवसर पर हुई तुलसी वर्षा ने पूरे पंडाल को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं ने इसे अत्यंत पुण्यदायी क्षण मानते हुए श्रद्धा भाव से तुलसी पत्तों को ग्रहण किया। पूरा वातावरण "राधे-राधे" और "जय श्रीकृष्ण" के जयघोष से गूंज उठा। समापन अवसर पर भव्य आरती, भजन-कीर्तन एवं प्रसाद वितरण भी किया गया।

## अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

होली त्योहार को देखते हुए अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने थाना अंडा पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में दिनांक रविवार को पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चिरपोटी निवासी मुकेश कुमार कोसरे को उसके एक्टिवा सीजी 04 एलजे 4381 में अवैध रूप से बिक्री हेतु शराब परिवहन करते पकड़ा गया। उसके पास से 30 पौवा देसी मसाला मदिरा बरामद की गई। इसी प्रकार ग्राम आलबरस निवासी मोरध्वज देशमुख एवं मिलेश यादव, को अवैध शराब बिक्री करते



रंगे हाथों पकड़ा गया, जिनके पास से 32-32 पौवा देसी प्लेन मदिरा जब्त की गई। इसके अलावा फूलसिंह खुटेल ग्राम निकुम में अवैध शराब बिक्री की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक अन्य आरोपी को पकड़ा, जिसके पास से 32 पौवा देसी प्लेन मदिरा बरामद की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। जब्त शराब को विधिवत सील किया।

## टीबी उन्मूलन को मिली गति, झीट में मरीजों को दिया पोषण आहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

जिला कलेक्टर दुर्ग अभिजीत सिंह के विशेष प्रयास एवं सतत निगरानी के फलस्वरूप भारत को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

- देश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में योगदान

स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड पाटन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट में टीबी मरीजों को पोषण आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य टीबी मरीजों में पोषण एवं प्रोटीन की कमी को दूर कर उनकी शीघ्र स्वस्थता सुनिश्चित करना है।

यह कार्यक्रम जिला कलेक्टर के आदेशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा



एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। खंड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ. बी. कठौतिया के नेतृत्व में निक्षय मित्रों के माध्यम से पंजीकृत टीबी मरीजों को फूड बॉस्केट प्रदान की गई। इस दौरान मरीजों को नियमित दवा सेवन, संतुलित आहार एवं चिकित्सकीय परामर्श का पालन करने की समझाइश दी गई। कार्यक्रम में चन्द्रकान्ता साहू (बीईटीओ), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र झीट के चिकित्सा अधिकारी, सुपरवाइजर, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला एवं पुरुष), सीएचओ तथा झीट सेक्टर की समस्त मितानिन उपस्थित रहीं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि टीबी उन्मूलन के लिए उपचार के साथ-साथ उचित पोषण भी अत्यंत आवश्यक है, जिसके लिए शासन द्वारा निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि टीबी के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत जांच कराएं और पूर्ण उपचार लें, ताकि भारत को शीघ्र ही टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

## वार्षिक समारोह में अनुराग नाइट ने बांधा समां, थिरके स्टूडेंट्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी

द आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी, कुम्हारी में आयोजित वार्षिक समारोह हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं,

- द आईसीएफएआई यूनिवर्सिटी में वार्षिक समारोह का आयोजन

प्राध्यापकों, गणमान्य अतिथियों, अभिभावकों एवं पूर्व विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शिव दयाल पांडेय ने की। अपने संबोधन में कुलपति ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी हेतु





प्रेरित किया तथा विश्वविद्यालय की समग्र विकास की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विविध रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी। इस दौरान अनुराग शर्मा नाइट ने समां बांध दिया। अपने गीतों के माध्यम से सुमधुर प्रस्तुति देकर अनुराग शर्मा ने समस्त उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।



## विज्ञान दिवस पर रमन और अन्य वैज्ञानिकों को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

दाऊ उत्तम साव एवं विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 28 फरवरी को ₹राष्ट्रीय विज्ञान दिवस₹ पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि यह दिन सी.वी.रमन द्वारा रमन प्रभाव जैसी महान खोज की याद में मनाया जाता है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संगीता मैहुरिया के मार्गदर्शन में इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी एवं गणित विषय के सहायक प्राध्यापक विकास कुमार ने अपने व्याख्यान में आइंस्टीन की ₹द्रव्यमान ऊर्जा समतुल्यता नियम₹ एवं ₹प्रकाश की द्वैत प्रकृति₹ को आसान शब्दों में समझाया। इस दौरान बी.एस.सी तृतीय वर्ष की छात्रा अंजली का द्विविमीय आकृतियों के घूर्णन द्वारा त्रिविमीय आकृतियों का प्रदर्शन करने वाला वर्किंग मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। बी.एस.सी तृतीय सेमेस्टर की छात्रा लोकेश्वरी और कावेरी ने ओजोन परत के संरक्षण

- स्टूडेंट्स का वार्किंग मॉडल रहा आकर्षण का केंद्र

पर आधारित पोस्टर द्वारा सबका ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रकाश के द्वैतवाद को समझाते द्विस्लिट एक्सपेरिमेंट पर आधारित एक फिल्म का प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में एन.एस.एक्का, डॉ. कल्याणी, जागृति चंद्राकर, मुकेश सिन्हा, पूजा सोनी सहित विज्ञान विभाग के सभी विद्यार्थी शामिल हुए।

केसरा में बनेगी सीसी रोड

## डबल इंजन सरकार को आड़े हाथ लिया अंचल के कांग्रेसी नेताओं ने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

ग्राम पंचायत केसरा में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रतिनिधि राकेश ठाकुर अध्यक्ष जिला कांग्रेस, अशोक साहू विधायक प्रतिनिधि,दिनेश साहू सदस्य जप,राजेश ठाकुर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि आज प्रत्येक पंचायत सहित सभी वर्ग दो साल के ट्रिपल इंजन सरकार से त्रस्त एवं हताश हो चुके है। विधायक प्रतिनिधि अशोक साहू ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हमेशा से छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा में समर्पित रहे है। चाहे पक्ष एवं विपक्ष में जैसे भी जिम्मेदारी मिली हमेशा स्वाभिमान के साथ खड़े नजर आते हैं। जनपद सदस्य दिनेश साहू ने जनपद निधि को मिलने में भारी विलंब को विस्तार से ग्रामीणों को बतलाया। ब्लॉक अध्यक्ष एवं सरपंच निपानी राजेश ठाकुर ने कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार में सभी सरपंच ठन ठन गोपाल हो गए है। स्वागत भाषण सरपंच डॉ ईश्वर निषाद ने और आभार सचिव द्वारिका यादव ने किया। इस अवसर पर तेजराम सिन्हा, संतु सिन्हा,गजानंद सिन्हा, गुहा सिन्हा,भगवानी सिन्हा, मनहरण सिन्हा,जागेश्वर सिन्हा, बसंत सिन्हा उपसरपंच, कमलेश पटेल,माधो सिन्हा, सोमन सिन्हा,अशोक तिवारी, अशोक सिन्हा,सुखदेव निषाद, संतोष सिन्हा,केसरी निषाद,जयंती निषाद,पुष्पा सिन्हा आदि मौजूद थे।

अंचल में पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा लोगों को

## तेजी से गिर रहा है भू-जल स्तर, बोर खनन पर नियंत्रण नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

दुर्ग जिले के धमधा ब्लॉक में भू-जल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। नगर सहित ग्रामीण इलाकों में हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। कई गांवों में पानी केवल सीमित समय के लिए ही उपलब्ध हो पा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ स्थिति और गंभीर होती दिख रही है।

क्षेत्र में प्रमुख नदियों में आमनेर नदी लगभग सूखने की कगार पर है, जबकि शिवनाथ नदी में जल स्तर काफी कम हो गया है, जिससे गंदगी और प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। आसपास के बड़े तालाब और बांध भी तेजी से सूख रहे हैं, जिससे भू-जल स्तर में निरंतर गिरावट दर्ज की जा रही है।



### प्रशासन की उदासीनता पर सवाल

रिपोर्ट के अनुसार, अब तक प्रशासन द्वारा बोर खनन पर किसी प्रकार का प्रभावी प्रतिबंध नहीं लगाया गया है। जबकि समीपस्थ बेमेतरा जिला में जनवरी माह से ही बोर खनन पर रोक लगा दी जाती है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि भू-जल संरक्षण के लिए कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई और वर्षा जल संचयन, तालाब गहरीकरण तथा अवैध बोर खनन पर नियंत्रण नहीं किया गया, तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है।

**जल संरक्षण की आवश्यकता:** पूरे जिले में भू-जल संरक्षण के लिए व्यापक योजना की जरूरत है। जल स्रोतों के पुनर्जीवन,गर्मी धान बोवाई में रोक,अवैध पेड़ कटाई पर रोक, तथा अनियंत्रित बोर खनन पर सख्ती जैसे कदम ही भविष्य में जल संकट को टाल सकते हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि समय रहते सख्त निर्णय लिए जाएं, अन्यथा अंचल में पानी की गंभीर समस्या और गहरा सकती है।

### खेत-खलिहानों में बेधड़क बोर खनन

तथ्यों के अनुसार, इन दिनों खेत-खलिहानों और ग्रामीण इलाकों में बोर खनन की रफ्तार काफी तेज हो गई है। जहां जल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, वहीं बिना किसी ठोस नियंत्रण के बोरवेल की खुदाई जारी है। बोर खनन के रेट में भी वृद्धि देखी गई है। पिछले वर्ष जहां बोर खुदाई का रेट लगभग 80 रुपये प्रति फीट बताया गया था, वहीं वर्तमान में यह बढ़कर करीब 95 रुपये प्रति फीट तक पहुंच गया है। इसी प्रकार केसिंग पाइप का रेट 300 रुपये से बढ़कर लगभग 350 रुपये तक बताया जा रहा है। जिसपर आज तक रोक नहीं लग पाई है वही पास के जिले बेमेतरा में बोर खनन को प्रतिबंध लगा दिया गया है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# होली पर 73 पुलिस पेट्रोलिंग और 30 बाज बाइक पार्टी करेगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

होली पर्व को लेकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था बेहतर करने 73 पेट्रोलिंग पार्टियों, 10 अनुविभाग में विभाजित कर की जा रही है। शांति व्यवस्था एवं आवश्यक सुरक्षा प्रबंध के लिए 900 की संख्या में लगाया गया है। 139 महत्वपूर्ण स्थानों पर आवश्यक सुरक्षा प्रबंध के लिए लगाया गया। 25 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी पाइंट लगाकर

## चप्पे-चप्पे पर रहेगी पुलिस की तैनाती




ट्रैफिक नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई, पुलिस बल को 2 फरवरी की सुबह कंट्रोल में 12 बजे ब्रीफिंग, फ्लैग मार्च भी निकाली जाएगी। जिला दुर्ग पुलिस द्वारा शहरी क्षेत्र के लिए प्रभारी एएसपी शहर के मार्गदर्शन में सीएसपी दुर्ग में थाना दुर्ग, मोहननगर, पद्मनाभपुर एएसपी ग्रामीण के निर्देशन में थाना पुलगांव, चौकी अंजोरा, नगपुरा, जेवरा सिरसा डीएसपी ,सजेपीयू के निर्देशन में थाना भिलाईनगर, भिलाईभट्ठी, नेवई, सीएसपी भिलाईनगर में थाना सुपेला, वैशालीनगर चौकी स्मृति नगर, सीएसपी छावनी के निर्देशन में छावनी, खुर्सीपार, जामुल डीएसपी क्राइम के निर्देशन में थाना पुरानी भिलाई, कुम्हारी एएसपी आईयूसीएडब्ल्यू पर एसडीओपी पाटन में थाना पाटन, रानीतराई, जामगांव-आर, अमलेश्वर डीएसपी जिविशा के थाना अण्डा, उतई, चैकी मचांदुर, एसडीओपी धमधा में थाना धमधा, बोरी, चौकी लिटिया सेमरिया डीएसपी अजाक में थाना नंदिनी की सुरक्षा प्रबंध किया जा रहा है।

### फिक्स प्वाइंट भी लगाए गए हैं

होली पर्व में शहर, नगर के अंदरूनी इलाकों, गलियों, बस्तियों में भी सतत निगरानी रखने। सुरक्षा प्रबंध के लिए 30 बाज बाइक पार्टी का निर्माण किया। बाज पार्टी द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्र की अंदरूनी गलियों, चौक चैराहों में भी लगातार बाइक पेट्रोलिंग का समुचित सुरक्षा प्रबंध किया जाएगा। जिले में आवश्यक सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने और लगातार चेकिंग अभियान के लिए 139 महत्वपूर्ण स्थानों का चिन्हांकन कर फिक्स प्वाईंट के रूप में पुलिस बल लगाया गया है। ट्रैफिक व्यवस्था के लिए 900 का पुलिस बल लगाया गया है।

## खबर संक्षेप



### जिला आउटरीच कार्यक्रम में किया जागरूक

**भिलाई।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा दुर्ग जिले के लिए पुनर्संरचित निधि आपके निकट (एनएएन) कार्यक्रम शिविर बीएसपी के मानव संसाधन-एल एंड डी सेंटर में आयोजित किया गया। शिविर के माध्यम से हितग्राहियों की शिकायतों का स्थल पर ही निराकरण किया गया। सदस्यों व पेंशनरों को ईपीएफओ की विभिन्न योजनाओं, ऑनलाइन सेवाओं, यूएएन सक्रियण, केवाईसी अद्यतन, पेंशन प्रावधानों एवं ऑनलाइन क्लेम से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। ईपीएफओ के अधिकारी प्रियरंजन सिन्हा व दौलत राम साहू ने पेंशनरों की समस्याओं का समाधान किया।

### आकृति बनी चार्टर्ड एकाउंटेंट



**भिलाई।** द इंस्टीट्यूट चार्टर्ड एसोशिएशन ऑफ इंडिया ने जनवरी 2026 में आयोजित सी ए अंतिम परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है दुर्ग शहर की आकृति बंछोर चार्टर्ड एकाउंटेंट बन गई हैं। आकृति के पिता का कोरोना कॉल में देहावसान हो गया था लेकिन उसने हौसला नहीं खोया। मां श्रीमती किरण बंछोर गृहिणी होते हुए भी बेटी को उनकी लगन को देखते हुए सीए बनाने का संकल्प लेकर आगे बढ़ी और आज उनकी तपस्या सफ़ल हो गई। आकृति को उनकी सफलता पर भूषण लाल वर्मा,एच एस वर्मा शिक्षा विद, बी के वर्मा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ, प्रभाकर वर्मा, तुकेंद्र वर्मा, वेद वर्मा रोशन वर्मा अध्यक्ष मनवा कुर्मी क्षत्रीय समाज नगर इकाई दुर्ग, खूबचंद वर्मा, राकेश धुरंधर आदि ने मिलकर शुभकामनाएं दी।

## बीएसपी में ठेका मजदूर सामाजिक सुरक्षा और वेतन निर्धारण समझौता से वंचित

# वेतन समझौता निर्धारण नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे हजारों मजदूर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

### यूनियनों ने की एस 11 ग्रेड के कर्मी के बराबर वेतन देने की मांग

भिलाई इस्पात संयंत्र में मेन पावर क्राइसेस का खामियाजा हजारों ठेका मजदूरों को भुगतना पड़ रहा है। काम का दबाव बढ़ने के साथ वेतन नहीं बढ़ने से श्रमिकों में असंतोष बढ़ रहा है। यूनियनों के मुताबिक वेतन से लेकर सामाजिक सुरक्षा तक प्रबंधन और ठेका कंपनियां उदासीन बनी हुई हैं।

उल्लेखनीय है कि सेल के सबसे बड़े उपक्रम भिलाई इस्पात संयंत्र में 25 हजार ठेका मजदूर काम करते हैं। पूरे सेल में करीबन एक लाख श्रमिक कार्यरत हैं। बीएसपी में लगातार मेन पावर कम होने की कीमत मजदूरों को चुकानी पड़ रही है। हर माह नियमित कर्मचारी रिटायर हो रहे हैं लेकिन भर्ती नहीं होने से ठेका मजदूरों पर काम का दबाव बढ़ता जा रहा है। वर्क्स एरिया में कई अनुभागों में गिनती के नियमित कर्मचारी बचे हैं जिसके चलते ठेका मजदूरों पर प्रबंधन की निर्भरता बढ़ती जा रही है। लेकिन हजारों श्रमिकों वेतन और अन्य सुविधाओं को लेकर लोकल और उच्च प्रबंधन उदासीन बना हुआ है।




### मजदूरों को नहीं मिलते बोनस और भत्ते

गौरतलब हो कि वर्ष 2018 में एनजेसीएस की सब कमेटी की बैठक में एनजेसीएस यूनियनों द्वारा बीएसपी सहित सेल के सभी ठेका मजदूरों के लिए भी वेतन समझौता निर्धारण की मांग की गई थी। इंटक के महासचिव संजय साहू ने बताया कि एनजेसीएस बैठक में वेतन समझौता को लेकर आश्वस्त किया गया था। इसमें एस -11 ग्रेड के कर्मचारी के बराबर वेतन और बोनस सहित अन्य भत्ते आदि सभी सुविधाओं की मांग की गई थी। लेकिन सालों बाद भी वेतन समझौता का निर्धारण नहीं किया गया है। वही यहां बीएसपी प्रबंधन मे मजदूरों को निर्धारित वेतन ठेकेदारों से नही दिलवा पा रहा है।

### नहीं मिल रहा न्यूनतम वेतन

प्रथम नियोक्ता होने के नाते बीएसपी ठेका कंपनियों पर न्यूनितम वेतन, बोनस और सुरक्षा उपकरणों को लेकर कोई दबाव नहीं बना पा रहा है। यूनियनों के मुताबिक एक तरफ तो अधिकतर मजदूरों को न्यूनतम वेतन नही मिल रहा है वहीं पर्याप्त सुरक्षा उपकरण नहीं मिलने से दुर्घटनाएं बढ़ रही है। पांच साल से नियमित कर्मियों की तरह मजदूरों के वेतन समझौता निर्धारण की मांग की जा रह है लेकिन सेल प्रबंधन निष्क्रय बना हुआ है। अकुशल, अर्धकुशल व कुशल श्रमिकों को तय वेतन से आधा वेतन ही दिया जा रहा है। वेतन पर्ची मांगे जाने पर ठेकेदार गेट पास छीन लेने की धमकी देते हैं। अल्प वेतन से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

# जिले में आज से जमीन रजिस्ट्री की नई गाइड लाइन दरें होगी लागू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ सरकार ने जमीन और मकान की खरीद-फरोख्त को आसान और साफ-सुथरा बनाने के लिए नई गाइडलाइन दरें लागू की हैं। दुर्ग और सरगुजा जिलों में ये नई दरें 2 मार्च से प्रभावी होंगी। पहले 20 नवंबर 2025 से नई गाइडलाइन दरें लागू की गई थीं, लेकिन कुछ जगहों पर दरों में बदलाव की जरूरत महसूस हुई, जिसके बाद जिलों से सुझाव मांगे गए थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात कर दुर्ग जिला में जमीन गाईड लाइन के सम्बन्ध में अवगत कराते हुए नई गाइड लाइन जारी करने निवेदन किया था।

विधायक ललित चन्द्राकर ने कहा कि नई दरें लागू होने से जमीन की कीमतों में स्पष्टता आएगी और रजिस्ट्री प्रक्रिया में सुधार होगा। दुर्ग और सरगुजा की समितियों ने अपने-अपने हिसाब से नई दरों का प्रस्ताव भेजा। इन प्रस्तावों पर केंद्रीय मूल्यांकन बोर्ड की बैठक में चर्चा हुई और आखिरकार इन्हें मंजूरी दे दी गई। अब इन जिलों में जमीन या मकान की रजिस्ट्री नई तय दरों के अनुसार ही होगी। नई दरों की जानकारी लोग अपने जिले के रजिस्ट्री ऑफिस या विभाग की वेबसाइट से आसानी से ले सकते हैं। विधायक ललित चंद्राकर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार जताया।



### जमीन की दरों में सरकार ने किए बदलाव

चंद्राकर ने बताया कि जमीन की दरों में सरकार ने बदलाव किए हैं। दुर्ग के पंचशील नगर, नयापारा, बजरंग नगर, बेलदारपारा के मुख्यमार्ग पर 4.36 करोड़ प्रति हेक्टेयर, मार्ग से अंदर 4.36 करोड़, नयापारा मुख्यमार्ग 4.36 करोड़ और मुख्यमार्ग से अंदर 3.76 करोड़ रुपए प्रति हेक्टेयर की दरें लागू की गई हैं। इसी प्रकार नयापारा चौक होते हुए बघेरा रोड और मोहलाई रोड मुख्य मार्ग 4.36 करोड़, मुख्य मार्ग से अंदर 3.76 करोड़ प्रति हेक्टेयर की दरें निर्धारित की गई हैं। इसी प्रकार अंडा में 1.90 करोड़ से 75 लाख, विनायकपुर में 45 लाख से 35 लाख, कुथरेल में 1.37 करोड़ से 60 लाख रुपये प्रति हेक्टेयर दर निर्धारित है। पोटिया से महाराजा चौक मुख्य मार्ग पर 4.39 करोड़ से 3.48 करोड़ रुपए प्रति हेक्टेयर दर निर्धारित की गई है।

# एसएमएस-2 में वेडिंग गिफ्ट सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप–2 में वेडिंग गिफ्ट सम्मान समारोह हुआ।

- सुरक्षित कार्यप्रणाली और गुणवत्ता मानकों के पालन के लिए किया जागरूक



मुख्य अतिथि कार्यकारी मुख्य महाप्रबंधक शांतनु देब सिकदार थे। उन्होंने सभी कर्मचारियों को सुरक्षित कार्यप्रणाली, गुणवत्ता मानकों के पालन के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट इलुका निखिल एवं जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट रेड्डी रामामूर्ति नायडु को संयंत्र की ओर से वेडिंग गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सहायक महाप्रबंधक एनपी टोप्पोसीजीएमसचिवालय के प्रतिनिधि संजीव सिंह सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सिकंदर इंदोरिया द्वारा किया गया।

### राम को सौंपा नियुक्ति पत्र



**भिलाई।** दुर्ग राजीव भवन में जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर के द्वारा ब्लॉक अध्यक्ष गण एवम जिला पदाधिकारीयो को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इस दौरान नए नियुक्त महामंत्री राम सूर्यवंशी को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। श्री सूर्यवंशी ने कहा जिस विश्वास और भरोसा से जिम्मेदारी सौंपी गई है। उसे इमानदारी के साथ पूरा करने का आश्वासन दिया है। राम सूर्यवंशी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्ष राकेश ठाकुर का आभार माना है।

# 28 युवा कर्मचारियों ने ली इंटक की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई




भिलाई इस्पात संयंत्र के 28 युवा कर्मचारियों ने स्टील इम्प्लाइज यूनियन इंटक यूनियन की सक्रिय सदस्यता ग्रहण की। कर्मियों ने कहा कि यूनियन द्वारा वेतन विसंगतियों, पदोन्नति व ठेका श्रमिकों के पेंशन आदि मुद्दों पर किए जा रहे प्रयासों ने उन्हें संगठन से जुड़ने प्रेरित किया। सदस्य बनने वाले कर्मचारियों में कोकोवन विभाग शैलेन्द्र कुमार चौधरी, मिराज अकरम, देवानंद साहू, जेम्स एन., रोहित कुमार ठाकुर, खिलेंद्र कुमार, हेमराज मीणा, रिजूरुस टोप्पो, हेमचंद टिकरिया, देव कुमार ध्रुव, जीवनलाल, कमल नारायण ध्रुव, रवि शंकर प्रसाद, ब्लास्ट फर्नेस विभाग से कमलेश, नेताम, लक्ष्मी प्रसाद ध्रुव, ईआरएस केर एस मलवासा, शैलेन्द्र कुमार मालबंर,ओएचपी -दुर्गेश कुमार गोड़, भास्कर राव, विवेक मरकाम, सुनील कुमार साएसएमएस 2 से वेदराम सिंह, उदय राम साहू,एसएमएस–3 विभाग से दिलीप कुमार ठाकुर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर,बीआरएम नवल किशोर साहू,आरटीएस विभाग सेएम. नच्मैया शामिल हैं। यूनियन के महासचिव संजय कुमार साहू , वरिष्ठ पदाधिकारियों ने नव सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि युवाओं की सक्रिय सदस्यता से संगठन और सशक्त होगा।

# सभी कर्मचारी हस्ताक्षर हिंदी में करें : कृष्ण कुमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के वेलफेयर बिल्डिंग क्रमांक 1 के विद्युत संगठन के सभागार में राजभाषा कार्यशाला हुई। मुख्य महाप्रबंधक टीके कृष्णकुमार के मुख्य आतिथ्य व महाप्रबंधक प्रकाश अध्यक्ष थे। विभागीय प्रतिवेदन हिंदी समन्वय अधिकारी रंजन कुमार पंडा ने पढ़ा। हिंदी भाषा में मुहावरों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार विजेता हुलास राम सिरमौर, महाप्रबंधक द्वितीय पुरस्कार विजेता, रवीन्द्र कुमार महाप्रबंधक तथा तृतीय स्थान पर चुनेश्वर नायक सहायक प्रबंधक को मिला। मुख्य अतिथि ने कहा कि हम सबको चाहिए कि हस्ताक्षर हिंदी में अवश्य करें। सहायक प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने राजभाषा के सांविधिक प्रावधानों की जानकारी दी। प्रतिभागियों को राजभाषा हिंदी में सभी कार्य करने शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक मानस रंजन रथ, महाप्रबंधक अरिंदम कुमार डे,कुंतल बघेल, रवीन्द्र कुमार, हुलास राम सिरमौर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन चुनेश्वर नायक और महाप्रबंधक रंजन कुमार पंडा ने आभार प्रदर्शन किया।



# हाउस लीज समिति ने रिटेंशन स्कीम को यथावत रखने बढ़ाया दबाव

**भिलाई।** रिटेंशन स्कीम को यथावत रखे जाने के लिए रिटेंशधारियों ने दबाव बढ़ाना शुरु कर दिया है। हाउस लीज संघर्ष समिति ने तालुपरी कालोनी में आवास हस्तांतरण देरी की वजह रिटेंशन स्कीम को बताने के कदम का विरोध करते हुए रिटेंशन स्कीम को यथावत रखे जाने की मांग की है। रिटेंशन स्कीम से सैकड़ों रिटायर आवासधारी प्रभावित हो रहे हैं।

हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की सेक्टर 2 में हुई बैठक में प्रबंधन के स्कीम को बंद किए जाने का विरोध किया गया। बैठक में वक्ताओं ने प्रबंधन के उस बयान को भ्रामक बताया जिसमें तालपुरी इंटरनेशनल कॉलोनी के आवास हस्तांतरण में हो रहे देरी के कारण रिटेंशन स्कीम को लागू करने के कारण के तौर पर बताया गया है। जबकि वास्तविकता या है कि प्रबंधन ने जिन पूर्व कार्मिकों की ग्रेच्युटी की राशि से हाउस लीज के नाम से 2 लाख राशि की रिकवरी अग्रिम के तौर पर रखी थी, उन्हें ही रिटेंशन स्कीम में मर्ज कर दिया गया। इसके कारण सेल बोर्ड में हाउस लीज योजना को पुनः लागू में पूर्व नियमितीकरण की कार्यवाही में देरी होना ही था।

ज्ञात हो पिछले विधानसभा क्षेत्र में उपमुख्यमंत्री अरुण साव के नियमितीकरण को नगर निगम एक्ट से होने की जानकारी लिखित में विधायक भिलाई नगर देवेंद्र यादव के प्रश्न में जवाब में दिया है। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने सन 2017 में भी भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को पत्र प्रेषित किया था। प्रबंधन की अक्षमता से शहर का भविष्य अनिश्चितताओं से भर गया है। आज सभी ने रिटेंशन स्कीम को पूरा यथावत लागू करने की मांग की। आज की बैठक में पर पी.आर.वर्मा, राजेंद्र शर्मा, रमेश पाल, नागेश्वर राव, एच.एल.चंद्रवंशी, सुरेंद्र मोहती सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे । बैठक का संचालन चौरसिया सर ने किया।

## भाजपा के जिलाध्यक्ष कौशिक का जताया आभार

# अनुसूचित जनजाति मोर्चा की कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के अध्यक्ष पवन ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।

- अध्यक्ष पवन ने वरिष्ठ नेताओं की सहमति से लिया निर्णय




उपाध्यक्ष युवराज ध्रुव, धनेश्वरी नेताम, केशव ठाकुर, नरेंद्र कंवर, प्रमोद ठाकुर, महामंत्री सीताराम ठाकुर, युवराज कुंजाम, मंत्री घनश्याम ठाकुर, जागेश्वर मांडवी, दिनेश ठाकुर, उत्तम ठाकुर, चेतन ठाकुर, प्रितपाल ठाकुर, कोषाध्यक्ष दिलीप ठाकुर, जितेश ठाकुर, कार्यालमंत्री पन्नालाल नेताम, परमेश्वर ठाकुर, मीडिया प्रभारी विष्णु देव ठाकुर, विनोद मरकाम, सोशल मीडिया प्रभारी हलधर ठाकुर, नरेंद्र ठाकुर, आईटी सेल प्रभारी किशोरी नेताम गुलाब मांडवी, मन की बात प्रभारी संतोष कुमार, ललिता ठाकुर, करण ठाकुर, कार्यकारणी सदस्य सुमेर ठाकुर, अजय ठाकुर, संतोषी ठाकुर, तारावती ठाकुर, राज ठाकुर, राहुल ठाकुर, निलेश ठाकुर, भानु ठाकुर, बल्लू ठाकुर सहित अन्य को बनाया गया है। मंडल अध्यक्ष में सदर गौरव पथ सागर मंडावी, चंडी शीतला श्याम नेताम, मध्य दीनदयाल उपाध्याय आयुश ठाकुर, कसारीडीह बोरी विमला ठाकुर, अंजोरा मोहन ठाकुर, अंडा निकुम उमेंदी राम ठाकुर, उतई मोतिन ठाकुर, मरोदा पुरैना गजानंद ठाकुर, रिसाली खिलेश्वरी ढालेन्द्र, कुम्हारी जितेंद्र धुव्र, पाटन देवेंद्र ठाकुर, अमलेश्वर देवानंद ठाकुर, जामगांव आर ललित ठाकुर, दरबार मोखली वीरेंद्र कुमार ठाकुर धमधा नरोत्तम मांडवी, बोरी लीटिया देवलाल ठाकुर नियुक्त किए गए हैं। नियुक्ति के बाद पदाधिकारी जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक से मिले और आभार व्यक्त किया।






हरिभूमि लाइव
रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

04



चिकनकारी कुर्ती को सेलिब्रिटी की तरह ऐसे करिए स्टाइल

लाइव इवेंट

## वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने और शोध कार्य करने किया प्रेरित



**भिलाई।** भारती विश्वविद्यालय दुर्ग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का दो दिवसीय समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। जिसके पहले दिन एब्स्ट्रैक्ट प्रस्तुतिकरण और सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। जिसके बाद मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के उपकुलपति डॉ. आलोक भट्ट रहे, उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने एवं शोध कार्य में सक्रिय भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया, साथ ही डॉ. प्रतिभा कुरुप ने विद्यार्थियों को शोध कार्य के महत्व एवं उसकी उपयोगिता के विषय में मार्गदर्शन प्रदान किया। एब्सट्रेक प्रस्तुतीकरण में एम.एससी. रसायन विज्ञान चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा साक्षी वैष्णव की प्रस्तुति विशेष रूप से सराही गई। दूसरे दिन विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में छात्रों ने विभिन्न विषयों से संबंधित नवाचारपूर्ण एवं उपयोगी मॉडल प्रदर्शित किए। मुख्य अतिथि के रूप में रजिस्ट्रार डॉ. वीरेन्द्र कुमार स्वर्णकार एवं सीओओ प्रभजोत सिंह भुई उपस्थित रहे। प्रादर्शो का मूल्यांकन डॉ. विद्यावती चंद्राकर एवं डॉ. मनोज मौर्य द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान एम.एससी. द्वितीय सेमेस्टर रसायन विज्ञान की छात्रा तृप्ति टंडन और एम.एससी. द्वितीय सेमेस्टर माइक्रोबायोलॉजी के छात्र गजेन्द्र सेठिया, द्वितीय स्थान एम.एससी. द्वितीय सेमेस्टर जूलॉजी के छात्र खिलेंद्र एवं ललित्या तथा तृतीय स्थान बी.एससी. द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं पलक, नेहा, अलशिफा, मौली एवं श्वेता रही। इस दौरान डॉ. नीतू श्रीवास्तव ने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों के बीच वैज्ञानिक सोच, शोध संस्कृति एवं नवाचार को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं प्रभावी कदम रहा। कार्यक्रम में प्राध्यापक ट्विंकल श्रीवास, प्रियंका सिन्हा, ज्योति, राजलक्ष्मी, स्वीटी तिवारी, लीलम चंद्राकर, डॉ. राजप्रभु, युक्ति नोनहारे और रोशन नोनहारे की विशेष सहभागिता रही।

लाइव इवेंट

## रफी साहब के यादगार नगमों से सुरमई हुई शाम, शानदार गीतों की झड़ी में मोहा श्रोताओं का मन



**भिलाई।** अवकाशप्राप्त सेरोलॉजिस्ट मनोहर सिंह ठाकुर ने कल शाम को भिलाई वासियों के लिए यादगार बना दिया। वॉयस ऑफ रफी के रूप में मशहूर मनोहर ठाकुर ने रफी साहब के कालजयी गीतों को अपनी आवाज दी। जब उन्होंने न तन ले के लौटा, न मन ले के लौटा,, गीत को अपने खूबसूरत अंदाज में प्रस्तुत किया तो श्रोताओं की आंखें नम हो गईं। जाने वालों जरा मुड़के देखो मुझे से उन्होंने महफिल का दिल जीत लिया।

स्टील क्लब भिलाई एवं मेटलर्जिकल म्यूजिक मेकर्स द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने पांच गीत प्रस्तुत किए।इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में भिलाई ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सेफी चेयरमैन नरेन्द्र कुमार बंछोर तथा पूर्व महासचिव परविन्दर सिंह में मौजूद रहे। स्टील क्लब के सचिव डी विजिथ और कोषाध्यक्ष अजय पाण्डेय भी अतिथि दीर्घा में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर मेटलर्जिकल म्यूजिक मेकर्स के संयोजक ज्ञान चतुर्वेदी आए बहार बनके, अलका शर्मा ने आइए मेहरबान, रजनी आर्य ने वो भूली दास्तान, गार्गी तरफदार ने मरहमी सा चांद गीत प्रस्तुत किये। ट्रिपल एम की सीनियर मेम्बर शिखा मोइत्रा ने मनोहर सिंह ठाकुर के साथ एक युगल गीत तुम तो प्यार हो की सुन्दर प्रस्तुति दी। ट्रिपल एम के अन्य कलाकारों में श्याम शेखर ने मंजिलें अपनी जगह हैं, सतीश जैन ये क्या हुआ, सपन कुंडू ने छू लेने दो नाजुक होठों को, बिपिन कुमार ने दिल हुम हुम करे, गरिमा सिन्हा ने पिया तू अब तो आ जा, अंजना विनादजी ने मेरे दिल में, अजय लोंधे ने मैं निगाहें तेरे, दीपक रंजन दास ने है अपना दिल तो आवारा प्रस्तुत किया। संजय मोरे ने गजल होश वालों को खबर क्या गाकर महफिल को यादगार बना दिया। कलाकार सतीश जैन ने एंकर के रूप में कार्यक्रम को बांधे रखा। रायपुर से वायस ऑफ रफी मनोहर सिंह ठाकुर के साथ उनकी पत्नी कामिनीजी, हेमंत कुमार, एवं अन्य कलाकार भी मौजूद रहे।



वेलफेयर सोशल ग्रुप द्वारा पुरुषों को गमछा और महिलाओं को सिक्कों की माला पहनाकर किया स्वागत

# छग की लोकसंस्कृति से सजा मेला मड़ई, पारंपरिक झूले और व्यंजनों का लिया स्वाद, राऊत, सुआ और गेड़ी नृत्य ने बिखेरी सतरंगी छटा

महाराजा अग्रसेन वेल्फेयर ट्रस्ट दुर्ग की इकाई वेल्फेयर सोशल ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ के पारंपरिक सांस्कृतिक कार्यक्रम मेला मड़ई का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की परंपरा के अनुरूप पूरे परिसर को एक गांव के रूप में सजाया गया था जहां बैलगाड़ी, ट्रैक्टर, हल और अन्य खेती-किसानी से संबंधित वस्तुओं का उपयोग कर वास्तविक ग्रामीण वातावरण का रूप दिया गया। मेले में पारंपरिक झूले एवं विविध खेलों का आकर्षक आयोजन किया गया। जिसमें भौंरा चलाना, बंदूक से गुब्बारा फोड़ना, रिंग से साबुन एवं अन्य उपहार फंसाना, स्वयं पेंटिंग कर थैले बनाना, कंचे खेलना, चूड़ी वाली, बायस्कोप, कुम्हार द्वारा बर्तन बनाना, तोते द्वारा भविष्य बताना आदि अनेक पारंपरिक गतिविधियों का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिला।



**दुर्ग।** कार्यक्रम की शुरुआत में दिनेश ममता अग्रवाल, किशोर मंजू रूंगटा, सतीश मनीषा अग्रवाल, अशोक अंजू रूंगटा और विकास स्मिता मित्तल द्वारा सभी अतिथियों का छत्तीसगढ़ी पारंपरिक शैली में स्वागत किया गया। पुरुषों को गमछा और महिलाओं को सिक्कों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजकों ने खुद ही सुतारूपया, करधन, ऐंठी, कौड़ी, फुलौता आदि पारंपरिक आभूषणों से श्रृंगार कर ग्रामीण परिवेश का वातावरण निर्मित किया।

कार्यक्रम की शुरुआत चेयरमैन विजय अग्रवाल, अध्यक्ष सुधीर अग्रवाल, महासचिव कैलाश रूंगटा, कोषाध्यक्ष प्रेम अग्रवाल एवं सचिव मुरारी अग्रवाल द्वारा अग्रसेन महाराज की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्वलन कर की गई।



### नव मनोनीत सदस्यों ने दी जानाकरी

कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल समाज दुर्ग के नव मनोनीत अध्यक्ष ललित सेक्सरिया, महासचिव प्रहलाद रूंगटा, कोषाध्यक्ष संजय गर्ग, सचिव बिमल राजगढ़िया, महिला अध्यक्ष नीलू अग्रवाल, सचिव प्रीति राजगढ़िया एवं युवा मंडल अध्यक्ष अमूल बंसल का स्वागत कर उन्हें शुभकामनाएं दी। इस दौरान उषा अग्रवाल, संगीता राजगाढ़िया, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, तृप्ति अग्रवाल, आरजू मित्तल सहित सभी सदस्यों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन उषा अग्रवाल, स्मिता मित्तल, अंजू रूंगटा एवं मुरारी अग्रवाल द्वारा किया गया।

### समाज के वरिष्ठों की रही उपस्थिति,,,,

कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमल रूंगटा, राधेश्याम कीर्तुका, रमेश मित्तल, विनोद अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, योगेन्द्र रूंगटा, दुर्गा अग्रवाल, पंकज कीर्तुका, बंशीधर पोद्दार, प्रकाश खेतान, सुरेश अग्रवाल, अजय अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, पप्पू रूंगटा, मनोज अग्रवाल, सत्यपाल बंसल, सुशील अग्रवाल, महिलाओं अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन से रूही अग्रवाल, मंजू अग्रवाल, सीमा सेक्सरिया, अंजू खेतान, राजरानी अग्रवाल, सारिका, अनीता बंसल, सुनीता रूंगटा, शारदा अग्रवाल, रेखा रूंगटा, संजना पोद्दार, संगीता अग्रवाल सहित सभी समाजिकजन उपस्थित थे।

### पारंपरिक व्यजंनों का लिया स्वाद

आयोजन स्थल पर विशेष फोटो बूथ भी बनाए गए थे, जिनमें किसान हल जोतते और महिलाएं घास काटते हुए, ग्वाला अपनी मोटरसाइकिल पर दूध के डिब्बे लटकाकर दूध बेचते हुए दिखाई दिए, जो कार्यक्रम का आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान लोक कलाकारों द्वारा राऊत नाच, सुआ नाच एवं गेंड़ी नाच का मंचन किया गया। साथी कलाकारों ने कर्मा, ददरिया एवं फाग गीतों की प्रस्तुति दी, जिस पर महिला, पुरुष एवं बच्चें झूम उठे। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजन भी परोसे गए, जिनमें चीला, फरा, अंगाकर रोटी, डुबकी कढ़ी, अम्मठ, ठेठरी, दुर्ग खुरमी, बोइर रोटी, नड्डा करी लड्डू, मुर्रा लड्डू, देहाती बड़ा, सीलबट्टे की चटनी, चौसेला आदि का स्वाद लोगो ने लिया।



### विभिन्न चरणों में हुए अनेक आयोजन

वेल्फेयर सोशल ग्रुप द्वारा अपने प्रथम वर्ष में चार पारिवारिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों की कड़ी में पहली बार समाजिकजनों को गोवा थीम पर सोमनी में पिकनिक कराई गई। दूसरे कार्यक्रम में पीवीआर में पारिवारिक फिल्म का प्रदर्शन किया गया। तृतीय कार्यक्रम में श्रीराधा के जन्मोत्सव पर भव्य धार्मिक आयोजन राधा अष्टमी मनाई गई। चतुर्थ कार्यक्रम के रूप में छत्तीसगढ़ का पारंपरिक आयोजन मेला मड़ई संपन्न हुआ।



## रंगभरी एकादशी पर ग्वालिन व गोपिकाओं ने बरसाना की तर्ज़ पर खेली लठ्ठमार होली



**दुर्ग।** श्री गहिरा गुरु धाम यादव सांस्कृतिक भवन वार्ड 24 में गोवर्धनधारी जगतगुरु भगवान् कृष्ण का पूजा अर्चना कर रंगभरी एकादशी के अवसर पर गोपीका और ग्वालिनों ने बरसाना के तर्ज़ पर लठ्ठ मार होली खेली। श्रीकृष्णा भगवान मंदिर अहीर समाज रायपुरा ट्रस्ट के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति अध्यक्ष करूणा यादव, कोषाध्यक्ष वर्षा रितु यादव, सहसचिव त्रिवेणी यादव, मिना यादव, मंजूषा यादव, लीला यादव, प्रभा यादव, सरोज यादव, ज्योति यादव, रजनी यादव सहित ट्रस्ट के सदस्य और पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने मिलकर हर्षोल्लास के साथ आधूनिक साउंड की धुन में रंग-गुलाल और तेदुसार लठ के साथ हर्षोल्लास के साथ रंगभरी एकादशी मनाई। एक-दूसरे से गले मिलकर होली की शुभकामनाएं भी दी।

## श्यामा श्याम धाम मंदिर में फाग महोत्सव कल



**भिलाई।** श्यामाश्याम धाम मंदिर उमरपोटी नेवईभाठा में हर वर्ष की भांति इस साल भी फाग महोत्सव का आयोजन 3 मार्च मंगलवार को किया गया है। महोत्सव में ब्रज की भांति फूलों की होली खेला जाएगी। इस दिन होलिकादहन भी होगा। शाम 7 बजे से सवारिया मानस व फाग परिवार के द्वारा फाग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। फाग महोत्सव की तैयारी श्यामाश्याम धाम मंदिर ट्रस्ट द्वारा जोर-शोर से की जा रही है। सैकड़ों क्विंटल फूल मंगवाए गए हैं। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए लोकनगर, चंद्रनगर, वेदांत नगर, उमरपोटी, नेवईभाठा सहित आसपास कालोनीवासियों को आमंत्रित किया गया है। फाग कार्यक्रम में नगाड़े की थाप पर श्रीकृष्ण व राधा जी के साथ भी फूलों की होली खेली जाएगी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं की टोली ने तैयारी की है। मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। बाल गोपाल की टोली भी इस कार्यक्रम में शामिल होगी।

नशा सामाजिक अभिशाप, इसे रोकने के लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता जरूरी : देवांगन

कार्नर न्यूज

## होली में हर तरह का नशा, अश्लीलता और सामाजिक बुराइयों को जलाने का वरिष्ठों ने लिया संकल्प, नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो का संदेश देने अभियान शुरु

**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ द्वारा समाज को नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से बचाने एवं स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत की गई। सियान सदन वैशाली नगर भिलाई में आयोजित संगोष्ठी में महासंघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एकजुट होकर नशा के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने का निर्णय लिया। होली आदि त्योहारों पर नशाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। सभी वरिष्ठ जनों ने इस होली में हर तरह की नशा, अश्लीलता एवं सामाजिक बुराइयों को जलाने का संकल्प लिया।

### समाज में लड़ाई-झगड़े, लूटपाट और छेड़छाड़ का कारण नशा

महासंघ के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन ने कहा कि नशा सामाजिक अभिशाप है और समाज के लिए गंभीर समस्या बन गया है, जो विशेष रूप से युवाओं के चरित्र एवं भविष्य को प्रभावित कर रहा है। नशा के कारण परिवार एवं समाज में आए दिन लड़ाई-झगड़े, लूटपाट, छेड़छाड़, बलात्कार एवं हत्या जैसे अपराध बढ़ते ही जा रहे हैं। जिन युवाओं के हाथों में किताब, हुनर और सुनहरे भविष्य का सपना होना चाहिए था, वहां नशे का जहर पहुंच रहा है। नशा केवल एक आदत ही नहीं है, बल्कि यह धीरे-धीरे जीवन, परिवार, स्वास्थ्य और भविष्य को खत्म करने वाली एक खामोश बीमारी है। इसे रोकने के लिए समाज के हर वर्ग की सहभागिता आवश्यक है। वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव और मार्गदर्शन इस दिशा में महत्वपूर्ण एवं सार्थक भूमिका निभा सकता है। संगोष्ठी में राधेश्याम प्रसाद, गंगाचरण पुरोहित, राजपाल सिंह राघव, चन्द्रभान दिन्डे, धानेश्वर निर्मल आदि वक्ताओं ने नशे की लत से होने वाले नुकसान तथा परिवार एवं समाज में इसके दुष्प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त कर इसे रोकने के लिए अनेक महत्वपूर्ण सुझाव दिए। वरिष्ठ जनों ने कहा कि हम स्वयं पहल कर समाज में आदर्श स्थापित करेंगे।





### ड्रग्स का लत छुड़ाने नशामुक्ति केंद्र में काउंसिलिग

इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर रैली, जनसंवाद, विचार गोष्ठी, जागरूकता कार्यक्रम एवं नशा विरोधी नारे आदि के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में नशा छोड़ो, जीवन से नाता जोड़ो, नशा है बीमारी, इससे दूरी है समझदारी, नशा मुक्त समाज–हमारा संकल्प\\›/" जैसे अनेक प्रेरक नारे लिखे हुए तख्तियों के साथ लोगों को नशा छोड़ने और दूसरों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया गया। नशे की लत में डूबे युवाओं को समझाइश देने, उनका ड्रग्स का लत छुड़ाने नशामुक्ति केंद्र, विशेषज्ञों एवं मनोचिकित्सकों आदि का भी सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर महासंघ के कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार गुप्ता, वरिष्ठ नागरिक एकता मंच वैशाली नगर अध्यक्ष राधेश्याम प्रसाद प्रसाद, धानेश्वर कुमार निर्मल, माखनलाल टंडन, गंगाचरण पुरोहित, राजपाल सिंह राघव, चन्द्रभान दिन्डे, रमैशचन्द्र बटघरे, शंकर शेन्डे, सोमाराम भोगाड़े, डी.ए. करमरकर, के.एल. रवाबानी, घनश्याम यादव, जोसफ, देवेन्द्र कुमार चौहान, एम.एल. गोपाल, रामाधार वर्मा, माखनलाल टंडन, सुरेन्द्र राय, आदि वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

# जिस घर में माता-पिता का अपमान होता है वहां धर्म व प्रभु का वास नहीं



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त धार्मिक स्थल सिलयारी धाम के आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री चाय वाले बाबा का ज्ञान यज्ञ इन दिनों चंडी मंदिर शिव पारा में चल रही है। 21 फरवरी से 1 मार्च तक आयोजित इस कथा में लोगों के भूत और भविष्य को एक मुट्ठी चावल और जसवंत के लाल फूल से बतायी जाती हैं। कथा में लोग अपनी परेशानियों को दूर करने के लिए इस धार्मिक आयोजन में भाग ले रहे हैं। चाय वाले बाबा, जिनका नाम सुनते ही लोगों के मन में विश्वास और श्रद्धा का संचार होता है, हर दिन सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं को अपने अद्भुत अनुभवों से चमत्कृत कर रहे हैं।

आचार्य नरेंद्र नयन शास्त्री ने बताया कि कलयुग का प्रभाव ये है कि लोग गौ सेवा नहीं हो रही है, मां-बाप की सेवा नहीं हो रही है, माता-पिता को मंदिर नही ले जाते है, परंतु कुत्ते को घुमाने ले जाते है, ऐसे में कैसे सनातन की रक्षा होगी। शास्त्री ने दान की महिमा बताते हुए बताया कि जीवन में दान करते रहना चाहिए दान के बिना जीवन में कोई सार नहीं है दुनियां में सबसे बड़ा दानी कर्ण है जिसने श्री कृष्ण को अपने घर के चौखट एवं बिस्तर की चंदन लकड़ी भेंट कर दी। कौरव व पाण्डव दोनों के पक्ष में धर्म के अवतार थे पाण्डवो के पक्ष में युधिष्ठिर व कौरव के पक्ष में विधुर धर्म के अवतार थे, परंतु कौरव के पक्ष में हमेशा धर्म का और घर में माता-पिता का अपमान होता था ऐसे घर में कभी धर्म का और प्रभु का वास नही हो सकता है, तो निश्चित पतन प्रारंभ हो जाता है। मनुष्य को अपने कर्मों पर अधिक ध्यान देना चाहिए, कर्म अच्छा है तो धन भी अच्छे रास्ते में लगेगा, सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए और भोजन हमेशा आराम से चबाकर करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन भक्तों को धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ जीवन के सही मार्ग पर चलने के प्रेरणा देने के उद्देश्य से किया गया है। जहां भक्त कथा सुनकर प्रभु भक्ति में लीन और भाव-विभोर होकर भजनों में झूम रहे है।

## धर्म लाइव

# विज्ञान दिवस पर नवाचार की चमक 25 परियोजनाओं की लगी प्रदर्शनी



**भिलाई।** श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी एसएसआईपीएमटी रायपुर के कंप्यूटर साइंस एसोसिएशन सीएसए, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग द्वारा संस्थान की इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल आईआईसी के सहयोग से 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया गया।

- एसएसआईपीएमटी रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का समापन

कार्यक्रम का शुभारंभ परियोजना प्रदर्शनी से हुआ, जो इस आयोजन का प्रमुख आकर्षण रही। प्रदर्शनी में कुल 25 छात्र टीमों ने भाग लेकर कंप्यूटर विज्ञान और उभरती प्रौद्योगिकियों के विविध क्षेत्रों में नवाचारी, शोध-आधारित और अनुप्रयोगात्मक परियोजनाओं का प्रस्तुतीकरण किया। प्रस्तुत परियोजनाओं में वैज्ञानिक सिद्धांतों, विश्लेषणात्मक चिंतन, प्रयोगधर्मिता एवं तकनीकी नवाचार का उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। विद्यार्थियों ने समसामयिक चुनौतियों के समाधान के लिए मॉडल और सॉफ्टवेयर आधारित समाधान प्रस्तुत किए, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि विज्ञान समाज के सतत विकास और प्रगति का आधार है।

इसके पश्चात राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व को रेखांकित करने एक विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस, महान वैज्ञानिक डॉ. सीवी रमन के सम्मान में मनाया जाता है, जिन्होंने रमन प्रभाव की खोज कर विज्ञान जगत में अमूल्य योगदान दिया। विशेष वक्ता डॉ. सुप्रिया बिस्वास, प्रोफेसर और प्रथम वर्ष प्रभारी ने विद्यार्थियों को जिज्ञासा, समालोचनात्मक चिंतन तथा समस्या-समाधान की भावना विकसित करने प्रेरित किया। यह कार्यक्रम एसएसआईपीएमटी के शासी निकाय के अध्यक्ष निशांत त्रिपाठी के मार्गदर्शन में हुआ। आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. नवीन जैन ने विद्यार्थियों को नवाचार आधारित गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। संस्थान के प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन ने सीएसई विभाग के प्रयासों की सराहना करते हुए विद्यार्थियों में वैज्ञानिक चेतना और शोध अभिवृत्ति के विकास पर बल दिया। डॉ. आनंद ताम्रकार, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष ने भी विद्यार्थियों में सुदृढ़ अनुसंधान संस्कृति तथा नवाचार-उन्मुख सोच के विकास की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समन्वयन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अपूर्व वर्मा और छात्र समन्वयकों द्वारा किया गया।

# सात लोगों की घर वापसी सेवा के लिए इंद्रजीत को मिला सम्मान



**भिलाई।** रायपुर स्थित गुरुद्वारा बाबा बुड्ढा साहब में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और पंजाब से पधारे जत्थेदार बाबा साहेब सिंह द्वारा यूथ सिख सेवा समिति भिलाई के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह का सम्मान किया गया। यह सम्मान उन्हें सिख पंथ के सात श्रद्धालुओं की घर वापसी कराने के सराहनीय और सेवाभावी कार्य के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान संगत ने उनके सेवा भाव, समर्पण और समाज के प्रति जिम्मेदारी की सराहना करते हुए उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज और पंथ की सेवा में युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी प्रेरणादायक है। इंद्रजीत सिंह द्वारा किए गए प्रयास न केवल समाज को जोड़ने वाले हैं, बल्कि सिख मूल्यों एवं परंपराओं के प्रति जागरुकता भी बढ़ाते हैं। यूथ सिख सेवा समिति भिलाई की ओर से कहा गया कि आगे भी समाजहित एवं पंथ सेवा के कार्य निरंतर जारी रहेंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगतजन उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय डाक पहले दिन कैरम, चेस, टेटे और बैडमिंटन इंडोर स्पर्धाओं में दिखा उत्साह

# पैरा खेल स्पर्धा में 14 मंडलों के 150 खिलाड़ियों ने दिखाया कौशल, धैर्य व आत्मविश्वास का दिया परिचय

दुर्ग। छत्तीसगढ़ डाक परिमंडल के तत्वावधान में प्रथम अखिल भारतीय डाक पैरा खेल प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन दुर्ग में डाक विभाग द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें देश के 14 डाक परिमंडलों से आए लगभग 150 पैरा खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट कौशल, धैर्य और आत्मविश्वास का परिचय दिया। स्पर्धाओं में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, संतुलन और सटीक शॉट चयन से दर्शकों को प्रभावित किया। प्रारंभिक राउंड में विभिन्न परिमंडलों के खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। प्रथम अखिल भारतीय डाक पैरा खेल प्रतियोगिता 2025-26 के पहले दिन कैरम, चेस, टेबल टेनिस और बैडमिंटन इंडर स्पर्धाओं की प्रारंभिक प्रतिस्पर्धाएं उत्साह और खेल भावना के साथ सम्पन्न हुईं।





**पैरा खिलाड़ी असाधारण इच्छाशक्ति और धैर्य के प्रतीक :** कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग कुलपति डॉ संजय तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलन और खिलाड़ियों के मार्च-पास्ट की सलामी के साथ की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पैरा खिलाड़ी असाधारण इच्छाशक्ति और धैर्य के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और सकारात्मक दृष्टिकोण का निर्माण करने का सशक्त साधन है। उन्होंने इस पहल के लिए भारतीय डाक विभाग की सराहना की और इसे सामाजिक उत्तरदायित्व की उत्कृष्ट मिसाल बताया।



**मार्च-पास्ट कर हुआ शपथ ग्रहण :** सभी 14 डाक परिमंडलों की टीमों ने अनुशासित मार्च-पास्ट प्रस्तुत किया। खिलाड़ियों ने खेल भावना, निष्पक्षता और उत्कृष्ट प्रदर्शन की शपथ ली। डाक विभाग के कलाकारों द्वारा सरस्वती वंदना की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने कार्यक्रम में उत्साह और ऊर्जा का संचार किया। इस अवसर डाक विभाग द्वारा कैरम, चेस, टेबल टेनिस, एवं बैडमिंटन पर पिक्चर पोस्टकार्ड का विमोचन किया गया। केंद्रीय पर्वेक्षक कैलाश कुमार एडीजी, तकनीकी डेलीगेट के लोकेश कुमार मीना एस ओ और विनोद कुमार मीना एस ओ, अंतराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी जुही देवांगन और अंतराष्ट्रीय कोच टेबल टेनिस भिलाई प्रेमराज जाचक भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।




### कुछ मैच ड्रॉ पर हुए समाप्त, अंत तक रहा रोमांच

बैडमिंटन के सिंगल्स वर्ग में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खिलाड़ियों ने अपनी फुर्ती, संतुलन और सटीक शॉट चयन से दर्शकों को प्रभावित किया। प्रारंभिक राउंड में विभिन्न परिमंडलों के खिलाड़ियों ने क्वार्टर फाइनल के लिए अपनी दावेदारी मजबूत की। टेबल टेनिस के मैचों में तेज रैली, सटीक स्मैश और रणनीतिक सर्विस ने प्रतियोगिता को रोचक बनाया। शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने रणनीतिक सोच, धैर्य और मानसिक एकाग्रता का अद्भुत परिचय दिया। कुछ मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए, जिससे प्रतिस्पर्धा का संतुलित स्तर दिखाई दिया। कैरम प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने सटीक स्ट्राइक, नियंत्रण और संयम का शानदार प्रदर्शन किया। क्वीन कवर के निर्णायक क्षणों ने दर्शकों में उत्साह दिखा। प्रथम दिवस का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। खिलाड़ियों, अधिकारियों एवं दर्शकों में आगामी स्पर्धाओं को लेकर विशेष उत्सुकता देखी गई। आने वाले दिनों में और अधिक रोमांचक खेल देकने को मिलेंगे। प्रवर अधीक्षक डाकघर दुर्ग संभाग बी एल जांगड़े ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

## फागुन महोत्सव का आयोजन

# कालीबाड़ी में फागुन महोत्सव की धूम भजन और टेक्नो बीट्स पर झूमे युवा





**भिलाई।** सेक्टर-6 स्थित कालीबाड़ी परिसर में फागुन महोत्सव का आयोजन किया गया। प्रशम हिंदू संस्था के संयोजन में हुआ यह आयोजन रंग, संगीत और ऊर्जा का जीवंत उत्सव बन गया।फागुन की बयार के साथ जैसे ही कार्यक्रम की शुरुआत हुई, पूरा परिसर गुलाल की खुशबू और मधुर सुरों से भर उठा।

मंच पर भक्ति और आधुनिक संगीत का अनोखा संगम देखने को मिला। भजन गायक अंकित तिवारी ने अपनी प्रस्तुति से माहौल को भक्तिमय बनाया। वहीं छत्तीसगढ़ी गीत मया हो गे मया की गूंज के साथ गायक आचार्या साहू ने लोक-संस्कृति की मिठास घोल दी। छत्तीसगढ़ी गायक अनुराग शर्मा की जोशीली प्रस्तुति ने युवाओं को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का खास आकर्षण रहा डीजे डीजे कैलावेरा का टेक्नो सेट, जिसमें भजन और क्लबिंग बीट्स का ऐसा मिश्रण सुनाई दिया जो भिलाई के लिए नया अनुभव साबित हुआ। रंग-बिरंगी रोशनी, उत्साहित चेहरे और थिरकते कदमों के बीच फागुन का हर रंग जीवंत हो उठा। अतिथियों और श्रोताओं ने संगीत के साथ पारंपरिक होली के रंगों और व्यंजनों का भी आनंद लिया। आयोजन समिति के अनुसार, होली के स्वागत में भजन क्लबिंग और टेक्नो का यह प्रयोग भिलाई में पहली बार किया गया।

## देवांगन प्रतिभा सम्मान समारोह

# समाज के उत्थान के लिए जरूरी है शिक्षा, शिक्षित समाज से ही संभव



**भिलाई।** देवांगन समाज मरोदा मंडल द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव, प्रतिभा सम्मान समारोह और ब्लड डोनेशन कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक ललित चंद्राकर थे। उन्होंने मां परमेश्वरी की पूजा अर्चना कर समाज और क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान उन्होंने समाज के उत्कृष्ट बच्चों और ब्लड डोनेट करने वाले रक्तवीरों का प्रमाण पत्र व हेलमेट प्रदान कर सम्मानित किया।

विधायक ललित चंद्राकर ने आयोज को संबोधित करते हुए कहा कि देवांगन समाज मेहनती समाज के रूप में माना जाता हैं। छत्तीसगढ़ के निर्माण व समृद्धि में देवांगन समाज का महत्वपूर्व योगदान है। तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा भी समाज के उत्थान के लिए बुनकरों का कर्ज माफ करने के साथ-साथ विभिन्न योजनाएं चलाई गईं थीं। वहीं विष्णुदेव सरकार द्वारा निचले स्तर तक योजनाओं के पहुंचने का कार्य किया जा रहा है। विधायक ने कहा कि किसी भी समाज के उत्थान के लिए शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षित समाज से ही देश का विकास संभव है। आज समाज के उत्थान के लिए परस्पर एक दूसरे का सहयोग व कुछ पुरानी रूढ़िवादी विचारों व परंपरा को त्याग करने की आवश्यकता है, तभी समाज आगे की ओर अग्रेषित हो पाएंगा और समाज में एकता व भाईचारा बना रहेगा। प्रदेश के 25 लाख 28 हजार से अधिक किसानों ने धान बेचा है। कृषक उन्नति योजना के माध्यम से 10 हजार करोड़ से अधिक की राशि किसानों के खाते में अंतरित की गई है। किसान भाई होली का त्योहार अच्छे से मनाएं इसलिए होली के पूर्व यह राशि प्रदान किया गया है। आज समाज के युवाओं ने रक्तदान कर समाज के लिए एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष पोषण लाल देवांगन, रामानंद देवांगन, अनिल देवांगन आदि मौजूद थे।

## नर्सिंग स्टूडेंट ने देखा भिलाई इस्पात संयंत्र,प्रतिभागियों के लिए एक अनूठा अनुभव

# सुरक्षा उपायों के साथ उत्पादन प्रक्रिया की ली जानकारी, हेलमेट सुरक्षा शूज, पीपीई का उपयोग कर विभिन्न इकाइयों को देखा

कार्नर न्यूज

दुर्ग। शासकीय नर्सिंग कॉलेज दुर्ग के एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष और अंतिम वर्ष के स्टूडेंट ने सामुदायिक स्वास्थ्य नर्सिंग और व्यावसायिक स्वास्थ्य पाठ्यक्रम के तहत भिलाई इस्पात संयंत्र का शैक्षिक-औद्योगिक भ्रमण किया। इस दौरान सभी स्टूडेंट ने हेलमेट, सुरक्षा शूज, पीपीई का उपयोग, चिह्नित मार्गों सहित सख्त सुरक्षा उपायों का पालन किया। यह भ्रमण सभी प्रतिभागियों के लिए एक अनूठा अनुभव रहा। यह भ्रमण प्रिंसिपल डॉ. रमा राजेश के नेतृत्व में किया गया था। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. कल्पना भूषण जोशी, एसोसिएट प्रोफेसर और शालिनी देशमुख डेमोंस्ट्रेटर ने अन्य सभी शिक्षकों के साथ मिलकर किया।




### प्री-ब्रीफिंग सत्र आयोजित

बीएसपी भ्रमण से पहले मानव संसाधन विभाग की ओर से एक विस्तृत प्री-ब्रीफिंग सत्र आयोजित किया गया। जिसमें राजेश श्रीवास्तव जीएम एचआरडी, फजली, बलराम मेश्राम और श्री तिवारी को उनके बहुमूल्य सहयोग के लिए नर्सिंग कॉलेज परिवार ने धन्यवाद दिया। सत्र के दौरान बलराम मेश्राम ने बताया कि बीएसपी, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) की एक प्रमुख इकाई है और भारत के प्रमुख एकीकृत इस्पात संयंत्रों में से एक है। संयंत्र को प्रधानमंत्री ट्रॉफी फॉर बेस्ट इंटीग्रेटेड स्टील प्लांट सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिले हैं। बीएसपी अपने यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) में 130 मीटर लंबी रेलपांत का उत्पादन करता है, जिन्हें 260 मीटर पैनल में वेल्ड किया जाता है और विश्व भर में निर्यात किया जाता है।

### स्टूडेंट को मिला नया अनुभव

श्री तिवारी के मार्गदर्शन में स्टूडेंट ने बीएसपी का भ्रमण किया। जिसमें ब्लास्ट फर्नेस-8, स्टील मेल्टिंग शॉप-3 और यूनिवर्सल रेल मिल सहित विभिन्न उत्पादन इकाइयों को देखा। इस दौरान सभी स्टूडेंट ने सख्त सुरक्षा उपायों का पालन किया गया, जिसमें हेलमेट, सुरक्षा शूज, पीपीई का उपयोग, चिह्नित मार्गों का पालन और आपातकालीन निकास की जानकारी शामिल थी। यह भ्रमण सभी प्रतिभागियों के लिए एक उल्लेखनीय और पेशेवर रूप से समृद्ध करने वाला अनुभव साबित हुआ। स्टूडेंट को अग्नि सुरक्षा प्रणाली और आपातकालीन तैयारी के बारे में बताया गया। वहीं पीपीई उपयोग, वेंटिलेशन सिस्टम, नियमित स्वास्थ्य जांच और सुरक्षा प्रशिक्षण जैसे निवारक उपायों को लेकर स्टूडेंट को जागरूक किया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### बीएसपी विरुद्ध जांजगीर चांपा का मैच ड्रॉ, वासुदेव ने लिए 4 विकेट



रायपुर। बी सी सी आई की ओर से मेंस अंडर-23 कर्नल सी के नायुडु ट्रॉफी 2025-26 का आयोजन 16 अक्टूबर से किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का सेमीफाइनल मैच (1 मार्च से 4 मार्च) शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रायपुर में तमिलनाडु अंडर-23 टीम के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन तमिलनाडु अंडर 23 ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। तमिलनाडु ने पहले बल्लेबाजी करते हुये अपनी पहली पारी में 80 ओवरों में 8 विकेट खोकर 272 रन बना लिये हैं। तमिलनाडु की शुरूआत अच्छी नहीं रही, उनके पहले पांच बल्लेबाज केवल 73 रन ही बना पाए। परंतु उसके बाद मोहम्मद अली तथा आर के जयंत ने छठवें विकेट के लिये 114 रनों की साझेदारी कर पारी को संभाला। तमिलनाडु के लिये मोहम्मद अली ने नाबाद 136 रन बनाये। उनके अतिरिक्त आर के जयंत ने 50 रन तथा माधव प्रसाद ने 32 रनों का योगदान दिया।

छत्तीसगढ़ के गेंदबाजो ने शानदार शुरुआत की तथा जल्द ही तमिलनाडु के 5 बल्लेबाज पवेलियन भेज दिये। वासुदेव बरेथ ने शानदार गेंदबाजी करते हुये 4 विकेट लिए। देव आदित्य सिंह ने 2 विकेट, प्रशांत सांई पैकरा तथा वरुण सिंह भुई ने 1-1 विकेट प्राप्त किए। पहले दिन की समाप्ति तक तमिलनाडु ने 8 विकेट खोकर 272 रन बना लिये है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित सीनियर वर्ग एलिट ग्रुप अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे राउंड के चौथे एवं अंतिम दिन शानदार मुकाबले हुए। दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में टीम बीएसपी विरुद्ध जांजगीर चांपा का मैच ड्रॉ रहा। बीएसपी की टीम ने पहली पारी के बढ़त के आधार पर तीन अंक प्राप्त किए। जांजगीर चांपा को एक अंक मिला। बल्लेबाजी में बीएसपी ने दूसरी पारी अपने कल के स्कोर एक विकेट पर 47 रन से आगे खेलते हुए चार विकेट पर 182 रन बनाकर पारी घोषित की। वैभव साहू ने नॉट आउट 51 रन, सत्य विकास शर्मा ने नॉट आउट 33 रन, संगीत सोनी ने 45 रन, नितांत सिंह ने 20 रन एवं शुभम मौर्य ने 14 रन बनाए। गेंदबाजी में जांजगीर चांपा के मोहम्मद शाहनवाज हुसैन ने दो, शाबान खान और लब्यम राजपूत ने एक-एक विकेट लिए। बल्लेबाजी में जांजगीर चांपा ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 188 रन बनाए। कप्तान शाहबान खान ने नॉट आउट 101 रन और सुधांशु तिवारी ने 78 रन बनाए। गेंदबाजी में बीएसपी की जीवेश बुट्टे ,भविष्य थपियाल एवं कार्तिक नायडू ने एक-एक विकेट लिए।



### चीफ मिनिस्टर शतरंज चैंपियनशिप 16 से

रायपुर। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के तत्वाधान तथा ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के निर्देशन में चीफ मिनिस्टर छत्तीसगढ़ ट्रॉफी 45 वीं पुरुष एवं 23वीं राष्ट्रीय महिला शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन 16 मार्च से 22 मार्च तक राजधानी रायपुर में किया जाएगा। छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया के नेतृत्व में प्रदेश शतरंज संघ के पदाधिकारियों ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य भेंट कर रायपुर अग्रसेन भवन धाम में होने वाली प्रतियोगिता की की जानकारी दी। उप मुख्यमंत्री साव को चैंपियनशिप के संरक्षक के दायित्व हेतु आग्रह किया गया। जिसे श्री साव ने स्वीकार करते हुए अपनी सहमति प्रदान की। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष एवं प्रदेश शतरंज संघ के अध्यक्ष राघवेन्द्र सिंघानिया ने बताया कि उक्त चैंपियनशिप में देश के 24 राज्यों एवं 8 संस्थागत इकाइयों से 450 पुरुष एवं महिला प्रतिभागियों के भाग लेने की संभावना है। चैंपियनशिप में अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त अनेकों ग्रैंड मास्टर, वूमेन ग्रैंड मास्टर, इंटरनेशनल मास्टर, वूमेन इंटरनेशनल मास्टर जैसे खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है।

श्री सिंघानिया ने आयोजन को छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों एवं खेल प्रेमियों के लिए सुनहरा अवसर बताते हुए कहा कि इससे खिलाड़ी काफी लाभान्वित होंगे। राघवेन्द्र सिंघानिया के नेतृत्व में उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश शतरंज संघ के सह सचिव ईश्वर सिंह राजपूत, कार्यकारिणी सदस्य दीपांकर सेन गुप्ता, इंटरनेशनल आर्बिटर अनीस अंसारी, सीनियर नेशनल आर्बिटर अनिल शर्मा शामिल थे।

डॉक्टरों ने बताया मोटापा कम करने का असरदार तरीका

# भारतीय ज्यादा हो रहे मोटापे के शिकार, 'ओबेसिटी जीन' पर अटैक करके जीत सकते हैं अपनी जंग

हैदराबाद के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के एक अध्यन में पाया गया है कि भारतीयों में मोटापे की जेनेटिक संभावना ज्यादा होती है, लेकिन हेल्दी लाइफस्टाइल बनाए रखने से यह खतरा काफी कम हो सकता है। दुनिया भर में मोटापे की समस्या से निपटने के लिए जागरूकता बढ़ाने और उपयोगी समाधानों के बारे में लोगों को शिक्षित करने के उद्देश्य से हर 4 मार्च को वर्ल्ड ओबेसिटी डे मनाया जाता है। मोटापा एक गंभीर खतरा है और ये खतरा समय के साथ बढ़ता ही जा रहा है। बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक सभी अधिक वजन और मोटापे के कारण होने वाली चुनौतियों का सामना कर रहे हैं अध्ययनों से पता चलता है कि शहरीकरण, बदलती जीवनशैली, प्रोसेस्ड फूड्स का बढ़ता सेवन और इसकी तुलना में शारीरिक गतिविधियों में कमी के चलते लोगों में मोटापे का जोखिम तेजी से बढ़ता जा रहा है।

बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) 25 से अधिक होने को ओवरवेट और 30 से अधिक होने पर मोटापा माना जाता है। भारत में हालिया राष्ट्रीय सर्वेक्षणों से संकेत मिलता है कि वयस्कों में मोटापे की दर पिछले एक दशक में लगातार बढ़ी है। इसके कारण



क्रॉनिक बीमारियां भी बढ़ी हैं जिस वजह से स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव भी लगातार बढ़ता जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की रिपोर्ट बताती है कि साल 2022 में दुनिया में हर 8 में से 1 व्यक्ति मोटापे से जूझ रहा था। ये खतरा साल-दर-साल बढ़ता ही जा रहा है। भारतीय आबादी में बढ़ती इस समस्या को लेकर विशेषज्ञों ने अलर्ट किया है।

### भारत में मोटापे का बढ़ता खतरा

हैदराबाद के एशियन इंस्टीट्यूट ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी के विशेषज्ञों ने भारत में बढ़ते मोटापे की समस्या को समझने के लिए एक अध्ययन किया। इसके आधार पर विशेषज्ञों की टीम ने बताया है कि भारतीयों में मोटापे की जेनेटिक आशंका ज्यादा होती है। इसका मतलब कि जन्म से पहले ही व्यक्ति को कुछ खास जीन विरासत में मिल जाते हैं जो उनमें मोटापे के खतरे को बढ़ाने वाले हो सकते हैं। इस खतरे को कम करने के लिए, विशेषज्ञों ने मोटापे की जड़ पर वार करने वाले तरीके के बारे में बताया है। अधिक वजन और मोटापे के लिए 40-70% भूमिका आनुवांशिक कारकों और जीन की हो सकती है। जीन के साथ खाने-पीने की आदतें और लाइफस्टाइल जैसे फैक्टर भी मिलकर वजन बढ़ाते हैं।



### अधिक वजन-मोटापे को लेकर डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट


मोटापे की जड़ पर कैसे अटैक किया जाए, इसको लेकर विशेषज्ञों के सुझाव जानने से पहले डब्ल्यूएचओ के इन आंकड़ों पर नजर डाल लेना जरूरी है जो दुनियाभर में बढ़ती इस समस्या की डरावनी छवि प्रस्तुत



करता है। दुनिया भर में वयस्कों में मोटापा साल 1990 के बाद से दोगुने से ज्यादा हो गया है। किशोरों का मोटापा चार गुना बढ़ गया है। साल 2022 में, 18 साल और उससे अधिक उम्र के 2.5 बिलियन (250 करोड़) वयस्क अधिक वजन वाले थे। इनमें से 89 करोड़ मोटापे से जूझ रहे थे। साल 2022 में 5-19 साल की उम्र के 3.9 करोड़ से ज्यादा बच्चे और किशोर अधिक वजन वाले थे, जिनमें 1.6 करोड़ मोटापे से जूझ रहे थे। साल 2024 में 5 साल से कम उम्र के 35 मिलियन (3.5 करोड़) बच्चे ज्यादा वजन वाले थे।

### मोटापे के जेनेटिक खतरे को कैसे कम करें?

मोटापे के खतरे से निपटने और इसकी जड़ पर वार करने के लिए एआईजी के विशेषज्ञों ने बताया कि अगर हम सभी कम उम्र से ही हेल्दी लाइफस्टाइल पर ध्यान दे लेते हैं तो इससे मोटापे के जेनेटिक खतरों को भी कम किया जा सकता है।



## आपके मस्तिष्क को भी है जिम की जरूरत, उठाएं जरूरी कदम

सेहतमंद रहने के लिए हमें एक्सरसाइज की जरूरत पड़ती है। इसके लिए घंटो हम जिम में पसीने बहाते हैं। एक्सरसाइज करने से फिजिकल स्ट्रैंथ बढ़ता है और भी कई तरह की बीमारियों से बचाव होता है। लेकिन क्या आपको मालूम है कि हमारे मस्तिष्क को भी जिम की जरूरत होती है? जी हां ब्रेन हेल्थ को बूस्ट करने के लिए ब्रेन जिम एक्सरसाइज की जरूरत होती है।आइए जानते हैं क्या होती है यह ब्रेन जिम एक्सरसाइज

### क्या होती है ब्रेन जिम?

हड्डियों को मजबूती देने और मांसपेशियों को टोन करने के लिए जिस तरह से हमें एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ठीक उसी प्रकार से ब्रेन के न्यूरॉन को एक्सरसाइज की जरूरत होती है। ब्रेन एक्सरसाइज करने से न्यूरॉन को एक्टिवेट किया जाता है। ब्रेन में ब्लड का सर्कुलेशन सही होता है इससे तनाव, एंजायटी, डिप्रेशन और भी कई तरह की मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। इससे पॉजिटिव एनर्जी का संचार होता है । आइए जानते हैं कब पड़ती है ब्रेन जिम की जरूरत और यह कैसे किया जाता है।




### ब्रेन जिम की जरूरत कब पड़ती है?

छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा जाना, अकेले रहने का दिल करना, फोकस करने में दिक्कत आना,किसी नई चीज को समझने में दिक्कत महसूस करना किसी नए व्यक्ति से बातचीत करने से कतराना डिमेंशिया और अल्जाइमर से पीड़ित होना।

### कैसे करें ब्रेन जिम?

ब्रेन जिम करने के लिए आपको ब्रेन से कुछ भी करने की जरूरत नहीं होती है। इसमें शरीर का इस्तेमाल होता है आप इसके लिए क्रॉस क्रॉल कर सकते हैं। अपने पैरों को थोड़ा दूर करके सीधे खड़े हो जाएं। अपने कंधों को पीछे की ओर खींचे और छाती को बाहर निकालने की कोशिश करें। अब सीधे देखते हुए अपने दाएं हाथ को सिर के ऊपर उठाएं। अब अपने बाएं पैर को जमीन से ऊपर उठें और बाएं घुटने को दाएं कोहनी से मिलाने की कोशिश करें। ऐसे ही अब अपनी बाएं कोहनी को मोड़ ले और उसे दाएं घुटनें के साथ टच करने की कोशिश करें।



## तीरंदाजों ने लगाया अचूक निशाना



रायपुर। महान धनुर्धर गुरु गोविन्द सिंह की याद में 15 वीं मिनी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन साइंस कॉलेज मैदान में किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 जिले से 150 तीरंदाज कोच मैनेजर शामिल हुए।

■ मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन



प्रतियोगिता में धर्म जागरण मंच के राष्ट्रीय प्रमुख राजेंद्र और राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त कथा वाचक हिमांशु महाराज विशेष रूप से उपस्थित थे। आज की प्रतियोगिता में विजयी हुए तीरंदाज गुंटूर में 26 मार्च से 7 अप्रैल तक आयोजित 15 वीं मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता भाग लेंगे। रायपुर में हुई प्रतियोगिता में अंडर 10 के 40 तीरंदाज ने अपना भव्य प्रदर्शन किया और चार बालक, चार बालिका राष्ट्रीय स्तर पर चुने गए। इसी तरह अंडर-13 और अंडर-15 के तीरंदाज ने उम्दा प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका, प्रमुख कोच, तीरंदाजी संघ के महासचिव आयुष मुरारका, सुरजीत छाबड़ा और प्रमुख लोग उपस्थित थे।

## राजधानी के जमशेद बनें क्रिकेट के राष्ट्रीय कोच



रायपुर। युवा कोच जमशेद अख्तर को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के अंतर्गत नेताजी सुभाष नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स पटियाला (एनआईएस), पंजाब द्वारा राष्ट्रीय स्तर के क्रिकेट कोच की उपाधि प्रदान की गई है। जमशेद अख्तर ने क्रिकेट कोचिंग कोर्स की लिखित, प्रायोगिक, शारीरिक एवं मौखिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए A-ग्रेड प्राप्त किया और राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतिष्ठित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की। उन्हें यह प्रमाण-पत्र एन.आई.एस. के वरिष्ठ क्रिकेट प्रशिक्षक मोहिंदर सिंह बेदी द्वारा प्रदान किया गया। टर्मिनेटर इंटरनेशनल क्रिकेट एकेडमी ने अपने (प्रशिक्षक कौशल विकास) के लिए जमशेद अख्तर को इस प्रशिक्षण के लिए इस कोर्स के लिए भेजा था, जिससे कोच जमशेद राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण प्राप्त कर छत्तीसगढ़ राज्य और जिले के क्रिकेट खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का कोचिंग प्रदान कर और छत्तीसगढ़ क्रिकेट के स्तर को और बेहतर बनाने मे मुख्य भूमिका निभा सके। वर्तमान में जमशेद अख्तर, टर्मिनेटर एकेडमी में बतौर कोच के साथ एकेडमी प्रबंधक के रूप में कार्यरत हैं और प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ियों को पेशेवर एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट के लिए तैयार कर रहे हैं। जमशेद अख्तर ने यह सफलता एकेडमी के संचालक एवं डायरेक्टर एन.आई.एस.क्रिकेट कोच डॉ. शबाब कुरैशी के विशेष मार्गदर्शन में प्राप्त की। जमशेद अख्तर ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर अपने माता-पिता,समस्त खेल प्रेमी नागरिकों के साथ एन.आई.एस पटियाला पंजाब के पूर्व हेड कोच नविन शर्मा, कोच डॉ.शबाब कुरैशी और कोच इशाक खान को धन्यवाद दिया।

कार्नर न्यूज

वास्तु में घरों की दिशा को लेकर हैं नियम

# दक्षिण मुखी मकानों को माना जाता है अशुभ निर्माण से पहले जानिए वास्तु के नियमों को

वास्तु में सभी दिशाओं का अलग महत्व है और हर दिशा किसी न किसी स्थान के लिए उपयुक्त मानी जाती है। जब घर के मुख्य द्वार की बात आती है तो इसके लिए भी कुछ शुभ दिशाएं हैं। हमारे मन में घर के मुख्य द्वार को लेकर कई सवाल उठते हैं और ऐसा कहा जाता है कि अगर वास्तु के अनुसार आप अपने घर में चीजों का निर्धारण करते हैं और मुख्य द्वार को सजाते हैं तो घर में हमेशा समृद्धि बनी रहती है। इसी वजह से वास्तु आपको घर का मुख्य द्वार उत्तर या पूर्व दिशा की तरफ रखने की सलाह देता है। वहीं कुछ ऐसी दिशाएं भी हैं जिनकी तरफ मुख वाला घर वास्तु में शुभ नहीं माना जाता है और इस दिशा में घर न बनाने की सलाह भी दी जाती है।

वास्तुकला और ज्योतिष में ऐसी ही एक मान्यता घर की दिशा से संबंधित है। जबकि घर खरीदते या बनाते समय हम कई अन्य बातों का भी ध्यान रखते हैं। ऐसे ही कारक हैं जिनमें मुख्य द्वार की दिशा की बात की जाती है। एस्ट्रोलॉजर शीतल शपारिया से जानें आखिर क्यों दक्षिणमुखी घर को अशुभ माना जाता है और यदि आप इस तरह के घर में रखते हैं तो आपको किन



वास्तु नियमों का पालन करना चाहिए।

### दक्षिणमुखी घर को क्यों माना जाता है अशुभ

कई संस्कृतियों में दक्षिणमुखी घरों को अक्सर दुर्भाग्य लाने वाला माना जाता है। इस धारणा के पीछे कई कारण हैं और वास्तु की मानें तो घर की दिशा उसकी समग्र ऊर्जा और निवासियों पर प्रभाव को निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यदि दक्षिण मुखी घरों की बात करें तो इस तरह के घरों में धूप कम आती है जिससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का वास होने लगता है। मान्यता है कि सूर्य की ऊर्जा का प्रवेश कम होने की वजह से इस तरह के घरों में रहने वालों के लिए वित्त और व्यक्तिगत समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

### वास्तु शास्त्र और दक्षिण मुखी घरों पर इसका प्रभाव

वास्तु शास्त्र एक प्राचीन वास्तुशिल्प सिद्धांत है जो हिंदू परंपराओं में गहराई से निहित है। यह मकानों के निर्माण के विभिन्न पहलुओं के लिए दिशा निर्देश निर्धारित करता है। वास्तु की मानें तो घर का मुख जिस दिशा में है, वह उसमें प्रवाहित होने वाली ऊर्जाओं को प्रभावित कर सकता है। दक्षिणमुखी घरों को अक्सर अशुभ माना जाता है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि वे ऊर्जा के प्राकृतिक प्रवाह के विपरीत होते हैं। वहीं इसके विपरीत उत्तर दिशा को घर के लिए सबसे अनुकूल दिशा माना जाता है, क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को बढ़ावा देती है। दूसरी ओर, दक्षिण दिशा को नकारात्मक ऊर्जा से जुड़ा हुआ माना जाता है, यही वजह है कि कभी-कभी दक्षिण मुखी घर बनाने से मना किया जाता है।


**दक्षिण दिशा को यम की दिशा माना जाता है :** यदि हम वास्तु से हटकर ज्योतिष की बात करते हैं तो मान्यता है कि दक्षिण दिशा को यम की दिशा कहा जाता है और जो घर इस दिशा की तरफ होते हैं उनमें रहने वाले लोगों को वित्त और रिश्तों से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एक्स बॉयफ्रेंड से मिलने ब्लैकपिंक की रोज बन जाती थीं बूढ़ी दादी



के-पॉप स्टार ब्लैकपिंक की रोज ने खुलासा किया है कि उन्होंने अपने एक्स लवर से छिपकर मिलने के लिए एक मजेदार तरीका निकाला था। लोगों को उनके बारे में कुछ पता न लगे इसके लिए वो पूर्व प्रेमी से बूढ़ी दादी की तरह कपड़े पहनकर मिला करती थीं। ये किस्सा उन्होंने एक पॉडकास्ट पर खुद सुनाया।

रोज ने एलेक्स कूपर के पॉडकास्ट 'कॉल हर डैडी' पर बातचीत में बताया कि कैसे वो अपने रिश्ते को फैन्स और पपराजी से बचाने के लिए एक बुजुर्ग महिला का वेश धारण किया करती थीं। उन्होंने बताया कि डेटिंग के दौरान पकड़े जाने के डर ने उन्हें इस तरह से अपना हुलिया बदलने के लिए मजबूर कर दिया। इतना ही नहीं, 28 साल की सिंगर ने बताया कि पहचान छिपाने के लिए उन्होंने एक पूरी अलमारी ही उन तरह के कपड़ों के लिए बना ली थी जिसमें उम्रदराज महिला के लुक में बदलने के लिए जरूरी सारी चीजें वो रखा करती थीं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक विग खरीदी। एक काली घुंघराली विग, छोटी सी। मैंने गौर करना शुरू किया कि बुजुर्ग महिलाएं सड़क पर कैसे कपड़े पहनती हैं। मैं सोचती थी- ठीक है, वे इस तरह की स्कर्ट, इस तरह के जूते, इस तरह का बैग पहनती हैं। मैं उनकी स्टडी करती और फिर उसे ऑर्डर करती और फिर वैसे ही कपड़े पहना करती।' सिंगर ने ये भी बताया कि ये वेश बदलना पब्लिक जगहों पर घूमने या रेस्टोरेंट में डेट पर जाने के लिए नहीं थे, बल्कि पहचान छिपाकर एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए हुआ करते थे। रोज़े के मुताबिक, वो शायद ही कभी साथ में बाहर निकले थे।

### टॉलीवुड

## 2 मार्च को आएगा 'टॉक्सिक' का पहला गाना, रिलीज हुआ पहला रोमांटिक पोस्टर



निर्देशक गीतू मोहनदास की फिल्म 'टॉक्सिक' का एक नया पोस्टर जारी किया गया है। जो कि फिल्म के पहले गाने 'तबाही' की खास झलक दिखाता है। कन्नड़ एक्टर यश की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने आज फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया है। जिसमें यश नजर रहे हैं, लेकिन अभिनेत्री का चेहरा साफ नजर नहीं आ रहा है। दरअसल, यह पोस्टर फिल्म के पहले गाने 'तबाही' का है।

'टॉक्सिक' के निर्माताओं ने फिल्म का एक रोमांटिक पोस्टर जारी किया है। इस पोस्टर में यश समंदर किनारे चलते नजर आ रहे हैं और उनकी गोद में एक लड़की है, जिसका चेहरा साफ दिखाई नहीं दे रहा है। इस पोस्टर को कियारा आडवाणी ने भी अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, तो हो सकता है कि यश के साथ इस पोस्टर में कियारा हों।

फिल्म निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर 'टॉक्सिक' के रोमांटिक पोस्टर को जारी किया है। इसके साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'एक विषैली दुनिया और सुरक्षित...'। इस नए पोस्टर के साथ बताया कि फिल्म का पहला गाना 'तबाही' 2 मार्च को रिलीज होगा। इस पोस्ट पर सिंगर विशाल मिश्रा ने लिखा, 'कैसे हुआ तो....।' 'टॉक्सिक' गीतु मोहनदास द्वारा निर्देशित एक आगामी भारतीय पीरियड गैंगस्टर फिल्म है। इसमें यश दोहरी भूमिका में हैं। फिल्म में यश के अलावा कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी, तारा सुतारिया और रुक्मिणी वसंत जैसी अभिनेत्रियां हैं। यह फिल्म 19 मार्च 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिस दिन रणवीर सिंह की फिल्म 'धुरंधर 2' रिलीज होगी।

### भोजपुरी

## माही -गोल्डी की सुपरहिट जोड़ी का नया धमाका, 'राजा हमार दुनिया हवे' रिलीज



भोजपुरी संगीत प्रेमियों के लिए खुशखबरी! । सिंगर गोल्डी यादव और एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव की पॉपुलर ऑनस्क्रीन जोड़ी ने एक बार फिर फैंस का दिल जीत लिया है। उनका नया रोमांटिक लोकगीत 'राजा हमार दुनिया हवे' वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुका है। रिलीज होते ही यह गाना तेजी से वायरल हो रहा है और दर्शकों की तारीफ बटोर रहा है। इस गाने में गोल्डी यादव ने अपनी मीठी और मधुर आवाज से जान फूंकी है, जबकि वीडियो में भोजपुरी की खूबसूरत एक्ट्रेस माही श्रीवास्तव अपनी दिलकश अदाओं और शानदार डांस से स्क्रीन पर छाई हुई हैं। गाने की थीम पति-पत्नी के बीच गहरा प्यार और समर्पण है, जो बेहद मजेदार और रिलेटेबल तरीके से पेश की गई है। वीडियो की कहानी में दिखाया गया है कि माही का ऑनस्क्रीन पति घरवालों से छुपाकर गुलाब जामुन की मिठाई लाता है और बड़े प्यार से अपनी पत्नी को खिलाता है। इससे खुश होकर माही अपनी सहेलियों के सामने पति की जमकर तारीफ करती हैं। गाने के बोल कुछ इस तरह हैं, 'गोरे गोरे मरदा पसंद नहीं है, दूसरे को देखने का मन नहीं है, कसहु बजाइले ऊ त हारमोनिया हवें, करिया जमुनिया हवें, राजा हमार दुनिया हवें, मीठा मीठा बुनिया हवें, राजा हमार दुनिया हवें' इस भोजपुरी लोकगीत के निर्माता रत्नाकर कुमार हैं। गाने को गोल्डी यादव ने अपनी सुरीली आवाज दी है, जबकि लीड रोल में माही श्रीवास्तव नजर आ रही हैं। गीतकार गौतम राय (काला नाग) ने बोल लिखे हैं और संगीत विक्की वॉक्स का है।

### फैशन मूड




“2026 में युवाओं का फैशन मूड मैक्सिमम सेल्फ-एक्सप्रेशन, टेक्नोलॉजिकल इंटीग्रेशन और आराम से चलने वाली प्रैक्टिकैलिटी के मेल से तय हो रहा है। पिछले सालों की ₹शांत लग्ज़रीₒ से हटकर, जेन जी बोल्ड रंगों, पुरानी यादों और अक्सर अस्त-व्यस्त स्टाइलिंग को अपना रहा है, जो एक जैसा होने के बजाय अपनी पहचान को ज़्यादा अहमियत देता है।

## 45 की उम्र में हो सकते हैं कमर तक लंबे बाल

उम्र के बढ़ते पड़ाव पर लगाम कसना मुश्किल है, मर उम्र के साथ ही बालों की ग्रोथ रुक जाए तो एक्सपर्ट के यह नुस्खे आपके बड़े काम आएंगे। उम्र कोई भी हो हम महिलाओं में लंबे बालों का क्रेज हमेशा ही रहता है, मगर उम्र बढ़ने के साथ क्रेज तो कम नहीं होता है लेकिन बालों की ग्रोथ जरूर रुक जाती है। ऐसा क्यों होता है, इस बारे में आपने कभी सोचा है? हमने इस विषय पर डर्मेटोलॉजिस्ट डॉक्टर अमित बांगिया से बात की है। वह कहते हैं, 'जैसे ही महिलाएं 40 की उम्र में प्रवेश करती हैं, उनका रजोनिवृत्ति चरण शुरू हो जाता है। शरीर में एस्ट्रोजन और प्रोजेस्टेरोन का स्तर कम हो जाता है, जिससे बाल पतले होने लगते हैं। इसके परिणामस्वरूप बालों की ग्रोथ भी रुक जाती है और स्कैल्प पर बालों का उगना भी कम हो जाता है।'इसके बावजूद आप यदि अपने बालों का थोड़ा ध्यान रखेंगी तो बालों की ग्रोथ पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा और बालों की लंबाई भी अच्छी हो जाएगी। हमनें डॉक्टर अमित से कुछ ऐसे नुस्खे पूछे हैं, जो आपके बालों की ग्रोथ के लिए काफी अच्छे साबित हो सकते हैं।



### बालों की ग्रोथ बढ़ाने वाले नुस्खे

बालों के लिए बहुत जरूरी है कि वह हाइड्रेटेड रहें। इसके लिए आपको दिनभर में 8 से 10 गिलास पानी जरूर पीना चाहिए। पानी के अलावा आपको फलों का रस और सब्जियों का सूप भी घर पर बना कर पीना चाहिए। इतना ही नहीं, स्कैल्प को ड्राई होने से बचाने के लिए आपको नारियल पानी से बालों को वॉश करना चहिए। यह काम आप हफ्ते में एक बार जरूर करें और इससे स्कैल्प की मसाज करें। इस बात का ध्यान रखें कि आपको सुबह या दोपहर के समय ही बालों को नारियल पानी से वॉश करना चाहिए। नारियल पानी ठंडा होता है, इससे आपको सर्दी-खांसी की शिकायत हो सकती है।

गुड़हल के फूल के पत्तों को पानी में उबाल लें और फिर इस पानी से बालों को वॉश करें। आपको बता दें कि इस पानी में बहुत प्रोटीन होता है और बालों के लिए प्रोटीन सबसे आवश्यकत तत्व है क्योंकि इससे आपके बालों न केवल ग्रोथ अच्छी होगी बल्कि आपके बालों में मजबूती भी आएगी। आप गुड़हल के फूल का तेल या फिर हेयर पैक भी घर पर बना कर बालों में लगा सकती हैं।

## चिकनकारी कुर्ती को सेलिब्रिटी की तरह ऐसे करिए स्टाइल







चिकनकारी की कुर्ती जितनी एलिगेंट लगती है उतना ही आसान है उसे स्टाइल करना। आज हम आपको उनसे जुड़ी हुई कुछ स्टाइलिंग टिप्स बताएंगे जिन्हें सेलिब्रिटीज भी फॉलो करते हैं। क्या आपने नोटिस किया है कि इन दिनों कई बॉलीवुड सेलेब्स अपने एयरपोर्ट लुक में चिकनकारी को शामिल कर चुके हैं। फुल चिकनकारी सेट के साथ-साथ चिकनकारी का दुपट्टा, पलाजो, और जीन्स के ऊपर पहनी जाने वाली कुर्ती भी आजकल ट्रेंड में है। लखनऊ की फेमस चिकनकारी सही मायने में लगती तो रॉयल है। अलग-अलग रंगों में अलग डिजाइन्स और कंफर्टेबल कपड़ा चिकनकारी को और भी अच्छा बना देता है। चिकनकारी आउटफिट्स ग्रेसफुल भी लगते हैं और कंफर्टेबल भी होते हैं। पर अधिकतर लोगों को इन्हें स्टाइल और मेंटेन करने में समस्या महसूस होती है। आपके पास भी अगर चिकनकारी की कुर्ती या कोई आउटफिट रखा है, तो उसे कैसे स्टाइल करना है इस पर एक्सपर्ट सुमित अरोड़ा दे रहे हैं जानकारी। सुमित लंबे समय से फैशन इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं और एथनिक कपड़ों के स्टाइलिंग एक्सपर्ट भी हैं।

### चिकनकारी टॉप के लिए स्टाइलिंग टिप्स

चिकनकारी टॉप ऑफिस आउटफिट के साथ कैजुअल आउटिंग के लिए भी अच्छे लग सकते हैं। इनमें A लाइन से ज्यादा ट्यूनिक टॉप आते हैं। स्प्रिंग और समर वॉर्डरोब के लिए ये टॉप बहुत एलिगेंट लग सकते हैं।

### स्टाइलिंग टिप

इन्हें लोग अधिकतर डेनिम के साथ पहनना पसंद करते हैं, लेकिन अगर आप कंफर्ट चाहें, तो इन्हें किसी लाइट रंग की फॉर्मल पैंट के साथ पेयर करने की कोशिश करें। हां, टॉप ढीला है, तो पैंट बहुत लूज ना रखें वर्ना लुक खराब लगेगा। आप इन्हें व्हाइट पैंट्स के साथ भी ट्राई कर सकती हैं।

### चिकनकारी स्ट्रेट कुर्ती के लिए स्टाइलिंग टिप्स

आपके वॉर्डरोब में अगर एक अच्छी चिकनकारी की कुर्ती रखी हुई है जिसे आप लेगिंग्स के साथ पेयर करती हैं, तो रुक जाएं। चिकनकारी

## लाल, हरी और पीले रंग वाली चूड़ी सेट के ये नए डिजाइंस हैं खास

हाथों की शोभा बढ़ाने के लिए आप हथेली के आकार के हिसाब से चूड़ी के डिजाइन को चुनना चाहिए। आप चाहे तो इनका एक सेट भी बनाकर पहन सकते हैं। अपने लुक को खास बनाने के लिए हम कई तरीके की चूड़ी व कंगन को पहनते हैं। ज्यादातर हम ऐसा किसी ओकेजन में स्टाइलिश दिखने के लिए करते हैं। आजकल मार्केट में हाथों के आकार और लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के हिसाब से आपको चूड़ी के सेट मिल जाएंगे।



### लाल रंग के चूड़ी सेट डिजाइन

लाल रंग की चूड़ी लगभग हर तरह के कलर कॉम्बिनेशन वाली आउटफिट क्र साथ पहन सकती हैं। आप चाहे तो इस तरह की चूड़ी के साथ अलग-अलग तरह चौड़े साइज वाले कंगन पहन सकती हैं। इसके अलावा आप लाल रंग की चूड़ी के साथ 4 से 5 अलग कलर्स की पतली चूड़ी को मिलाकर सेट बना सकती हैं।

### पीले रंग के चूड़ी सेट डिजाइन

पीले रंग की चूड़ियां पहनना बेहद शुभ माना जाता है और इसमें आपकोप्लेन से लेकर बारीक नग में काफी डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। वहीं आप चाहे तो इन्हें भारी और फैंसी लुक देने इ लिए साथ में मीडियम या चौड़े साइज के पर्ल डिजाइन कंगन को पहन सकती हैं।

### हरे रंग की चूड़ी सेट डिजाइन

हरे रंग की चूड़ी में आपको डार्क से लेकर लाइट शेड में चूड़ियां देखने को मिल जाएंगी। वहीं इस तरह की चूड़ी के साथ आप गोल्डन कलर की शिमर या नग वाली चूड़ी के साथ मिलाकर अपनी आउटफिट के हिसाब से सेट बनाकर पहन सकती हैं।

## इनसे सीखिए सजना और संवरना

आज के समय में ये कौन नहीं चाहता कि उनकी त्वचा ग्लो करे और हमेशा चमकती रहे लेकिन दमकती त्वचा पाना आसान नहीं होता। इसके लिए काफी मेहनत करनी पड़ती है। कुछ अभिनेत्रियों से आप यह टिप्स ले सकती हैं।



### प्रियंका चोपड़ा

अपनी खूबसूरती से विदेशों में भी अपनी अलग पहचान बनाने वालीं प्रियंका चोपड़ा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो महंगे ट्रीटमेंट की बजाए घर में बने हुए एक फेसपैक का इस्तेमाल ज्यादा करती हैं।

### प्रियंका का फेसपैक

प्रियंका अपनी खूबसूरत त्वचा का निखार बरकरार रखने के लिए होल व्हीट फ्लोर, हल्दी, नींबू का रस, फुल क्रीम योगर्ट और रोज वाटर को अच्छे से मिलाकर पैक तैयार करती हैं। इस पैक को कुछ देर के लिए चेहरे पर लगाकर चेहरा साफ कर लेती हैं। इस पैक की मदद से उनकी त्वचा दमकती रहती है।

### दीपिका पादुकोण

दीपिका की खूबसूरती का दीवाना तो हर कोई है। अपनी खूबसूरत त्वचा के लिए वो बेसन, दही, मलाई का पैक बनाकर चेहरे पर लगाती है। इसके इस्तेमाल ही उनकी त्वचा इतनी खिली-खिली रहती है।

### अनन्या पांडे

अनन्या पांडे का चेहरा हर वक्त ग्लो करता है। अपनी त्वचा को ग्लोइंग बनाने के लिए अनन्या 2 टेबलस्पून दही, हल्दी और हनी का पैक तैयार करती हैं। 15 मिनट के लिए इस पैक को चेहरे पर लगाकर धोने के बाद चेहरा खिल उठता है।

### कार्नर न्यूज

## कैजुअल कपड़े होते हैं आराम वाले, दोस्तों के साथ खूबसूरत यादें संजोइए इनकी भी

**कैजुअल स्टाइल में भी कर सकते हैं अपग्रेड, ये तरीके आएंगे काम**

कैजुअल कपड़ों को चुनने की बारी आती है तो हमें कुछ ऐसे ही काम याद आते हैं। फॉर्मल कपड़ों के बने बनाए नियमों को तोड़कर आपको आजादी से हर पल का मजा लेने का मौका देते हैं ये कैजुअल कपड़े। ‘वर्क फ्रॉम होम’ वाले दौर में फॉर्मल के मुकाबले कैजुअल कपड़े ज्यादा ही पहने जा रहे हैं। ऐसे में ये जरूरी है कि हम इन्हें पहनने के कुछ खास टिप्स जान लें। पहचान लें कि कैजुअल कपड़ों के बेस्ट कॉम्बिनेशन क्या हैं?

कैजुअल कपड़ों के रंग कैसे होने चाहिए?, कैजुअल ड्रेसिंग के लिए कौन-कौन सी बातें रखें याद? या पहले के मुकाबले अब कैजुअल ड्रेसिंग के नियम कैसे बदले हैं? जरूर आपके पास भी कुछ सवाल होंगे। ऐसे ही सवालों के जवाब देंगी फैशन डिजाइनर एंड कॉस्टयूम स्टाइलिस्ट अंजलि श्रीवास्तव। लेकिन इन्हें जानने से पहले इंटरनेट पर इससे जुड़ी सर्च कुछ इस तरह हो रही हैं-



### लेयरिंग करना सीख लीजिए

लेयरिंग फैशन का ऐसा फंडा है, जो ज्यादातर बार सही काम करता ही है। बॉडी बहुत ज्यादा हैवी (Heavy) है तो आप पर लेयरिंग खराब लग सकती है। मगर लेयरिंग को लेकर ज्यादा चिंता करने की जरूरत होती नहीं है। इसके लिए टी शर्ट के ऊपर शर्ट पहन लेना सबसे आसान तरीका होता है। डेनिम शर्ट के नीचे सफेद शर्ट पहन लेना भी अच्छा लगता है। जाड़े के मौसम में शर्ट के ऊपर पुलोवर भी पहना जा सकता है। बस पुलोवर और शर्ट की बाहें साथ मिलाकर फोल्ड करें। आप भी इसी तरह से लेयरिंग पहनकर अपने कैजुअल लुक को परफेक्ट बना सकते हैं।

### फिटिंग है जरूरी

आमतौर पर हम सभी लोग ऑफिस वाले फॉर्मल कपड़ों की ही फिटिंग का ध्यान रखते हैं। पैंट की कमर और पैटर्न जैसी चीजें अपने हिसाब से इसलिए चुनते हैं क्योंकि इनमें आपके बॉडी टाइप के हिसाब से फिटिंग मिल जाती है। जबकि कैजुअल ड्रेसिंग में अपने आराम को ही अहमियत देते हैं। आप भी यही करते हैं तो बिल्कुल गलत करते हैं। फिटिंग का ध्यान आपको फॉर्मल कपड़ों में भी रखना होगा। जैसे पैंट की हेम, क्रोच कम्फर्ट का ध्यान रखते हुए फिट होने ही चाहिए।

### शर्ट का अंदाज

बात फिटिंग की हो तो ज्यादातर पुरुष शर्ट अपने साइज की खरीद लेना ही जिम्मेदारी मानते हैं। जबकि शर्ट की फिटिंग भी जब तक सही नहीं होगी, आपका कैजुअल लुक सही नहीं आएगा। कई बार यही शर्ट बैगी लुक देने लगती है, या फिर हाफ शर्ट की बाहें बड़ी होती हैं और हाथ उठाने पर अंदर तक नजर चली जाती है।

### शायद ये अच्छा लगे या वो

कपड़ों के साथ प्रयोग करते रहना, आजकल की जरूरत है। फैशन का फंडा उन्हीं लोगों को साफ हो पाता है, जो स्टाइल के साथ प्रयोग करते रहते हैं। कैजुअल कपड़ों के साथ भी यही करना होता है। आप सिर्फ शर्ट, पैंट या शॉर्ट्स के साथ ये लुक लें, ये जरूरी नहीं है। इसके लिए आप स्पोर्ट्स जैकेट पहनिए तो ऐसी शर्ट भी जरूर लीजिए जो कैजुअल ब्लेजर के साथ ही अच्छी लगे। याद रखिए प्रयोग करने के लिए आपको नए से नए फैशन को अपनाने की हिम्मत जुटानी होगी।

